डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार



PG-8

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमाः-अमृता राव के मैनेजर ने जब उनके साथ किया छल, सलमान खान की इस ब्लॉकबस्टर फिल्म से मिले ऑफर की नहीं लगने दी भनक

वर्ष -09 अंक -25 | प्रयागराज ,बुधवार, 29, मार्च, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### देश को विश्व गुरु बनाना है तो 50 वर्षों तक सब कुछ समर्पित कर दें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि 21वीं शताब्दी में भारत को अगर विश्व गुरु बनाना है तो 50 वर्षों तक भारत माता के लिए सब कुछ समर्पित कर दीजिए। केंद्रीय मंत्री रविवार को ईस्ट आफ कैलाश स्थित श्रीराधा पार्थसारथी मंदिर के रजत जयंती पर



आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रभुपाद जी महराज 1965 में अमेरिका गए और 1966 में न्यूयार्क में इस्कान मंदिर की स्थापना की। आज इस्कान ने दुनिया में 750 मंदिर बनाने का काम किया है। स्वामी जी ने इंटरनेशनल सोसाइटी फार कृष्णा की स्थापना की थी, जिसके जरिये दुनिया में हरे रामा, हरे कृष्णा आंदोलन को आगे बढ़ाया। मकसद यह था कि दुनिया में वैदिक साहित्य का प्रचार-प्रसार किया जा सके केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है। भारत ने इसकी थीम वसुधैव कुटुंबकम रखी है।

### भाजपा संसदीय दल की बैठक में पहुंचे पीएम मोदी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी के संसदीय दल की बैठक में हाल ही में पूर्वोत्तर में हुए चुनावों में मिली जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी और उनका सम्मान किया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पीयूष गोयल, एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण और किरेन रिजिजू समेत भाजपा के कई सांसद मौजूद रहे। भाजपा ने पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में से तीनों में अपनी सरकार बनाई है। त्रिपुरा में माणिक साहा के नेतृत्व में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनी हैं।

## केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा- राज्य कोविड लहर से निपटने के लिए तैयार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**कोच्चि।** केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने सोमवार को कहा कि राज्य एक और कोविड लहर से निपटने के लिए तैयार है। मंत्री



वीना जॉर्ज ने कहा, 'हम एक लहर को संभालने के लिए तैयार हैं। वर्तमान में आईसीयू के 13 मामले हैं। हमने सामान्य और आईसीयू बेड और आवश्यकता के अनुसार वेंटिलेटर बढ़ाने का फैसला किया है।उन्होंने यह भी कहा कि वरिष्ठ नागरिकों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को बाहर निकलते समय मास्क पहनने की सलाह दी जाती है।इससे पहले सोमवार को, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ कोविड-19 महामारी के प्रबंधन के पूरे स्पेक्ट्रम की तैयारियों की स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।समीक्षा बैठक में डॉ वी के पॉल, सदस्य (स्वास्थ्य), नीति आयोग और डॉ राजीव बहल, सचिव, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग भी उपस्थित थे।केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने 22 मार्च 2023 को आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक से पीएम मोदी के संदेश का उल्लेख किया और राज्यों को सतर्क रहने और ण्ध्न्द्धख्र-19 प्रबंधन के लिए तैयारी सुनिश्चित करने की सलाह दी।उन्होंने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को किसी भी तरह की लापरवाही के प्रति आगाह किया और उन्हें स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 25 मार्च 2023 को जारी संयुक्त परामर्श में सूचीबद्ध प्राथमिकताओं का पालन करने की सलाह दी।

## अतीक अहमद सहित 3 दोषियों को उम्रकैद की सजा एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। अशरफ सहित 7 लोग दोषमुक्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद को प्रयागराज के एमपी-एमएलए कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। 17 साल पुराने उमेश पाल अपहरण मामले में इसे सजा सुनाई गई है। पुलिस रिकॉर्ड में अतीक गैंग पर 101 दोष दर्ज हैं। यह पहला मामला है, जिसके लिए दोषी ठहराए गए हैं। उसे सजा मिली है। इस मामले में अतीक के भाई अशरफ सहित 7 अदालत को कोर्ट ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। जिन तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है उनमें खान सौलत और दिनेश पासी के अलावा अतीक शामिल हैं। उसी समय, जिन्हें अशरफ उर्फ ??खालिद अजीम, फरहान, जावेद उरी बज्जू, आबिद, इसरार, आशिक अर मल्ली, एजाज आदर्श हैं। 2006 के उमेश पाल अपहरण मामले में मुख्य अभियुक्त माफिया अतीक अहमद सहित 3 अभियुक्तों को एमपी-एमएलए कोर्ट के जज दिनेश चंद्र शुक्ल ने दोषी करार देते हुए मूल कारावास की सजा सुनाई है। जबकि 7 गोपनीय न्यायालय ने इसे बरबाद कर दिया है। उमेश पाल की 24 फरवरी को पहले प्रयागराज में हत्या हो गई थी। उमेश पाल के परिवार ने कोर्ट से माफिया के खिलाफ मौत की मांग की है।एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट ने अतीक अहमद, दिनेश पासी और खान सौलत हनीफ को उम्र कैद की सजा सुनाई है। तीनों आरोपियों पर एक-एक लाख का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि पीड़ित मृतक उमेश पाल के परिजनों को दी जाएगी। इसके अलावा अन्य धाराओं में भी कोर्ट ने सजा का ऐलान किया।कोर्ट की कार्यवाही जारी, थोड़ी देर में सजा का ऐलान होगा 2006 के उमेश पाल अपहरण कांड मे अतीक अहमद सहित 10 आरोपी दोषी करार अतीक अहमद, अशरफ, हनीफ, दिनेश पासी, फरहान, जावेद, इशार, आसिफ मल्ली, अंसार दोष साबित हुआ। कुल 11 आरोपियों में अंसार समेत दो की मौत हो चुकी है।







## एनसीपी के अयोग्य सांसद मोहम्मद फैजल की याचिका पर एससी में आज सुनवाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के लक्षद्वीप से अयोग्य सांसद मोहम्मद फैजल की लोकसभा सदस्यता बहाली की मांग पर सुनवाई करने को राजी हो गया है। कोर्ट मामले पर आज सुनवाई करेगा। हत्या के प्रयास अपराध में 10 वर्ष के कारावास की सजा के बाद फैजल अयोग्य हो गये थे और उनकी लोकसभा सदस्यता समाप्त हो गयी थी। फैजल का कहना है कि केरल हाई कोर्ट ने उनकी सजा और दोषसिद्धि दोनों पर रोक लगा दी है इसके बावजूद उनकी लोकसभा सदस्यता बहाल नहीं की गई। मोहम्मद फैजल के इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को होने वाली सुनवाई अहम होगी क्योंकि इस मामले का असर कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी के मामले में भी पड़ सकता है। मानहानि के मुकदमे में दो वर्ष की सजा होने के वाद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त हो गई है। सोमवार को मोहम्मद फैजल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष



याचिका का जिक्र करते हुए कहा कि हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली लक्षद्वीप प्रशासन की याचिका सुप्रीम कोर्ट में एक अन्य पीठ के समक्ष मंगलवार को सुनवाई पर लगी है ऐसे में कोर्ट इस याचिका को भी उसी के साथ मंगलवार को सुनवाई पर लगा दे। सिंघवी ने कहा कि फैजल को अयोग्य ठहराने में तो बड़ी तत्परता दिखाई गई और जैसे ही स्थानीय अदालत ने गत 11 जनवरी को दोषी ठहराकर 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई वैसे ही 13 जनवरी को लोकसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी कर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी लेकिन हाई कोर्ट से सजा और दोष सिद्धि दोनों पर रोक लगाने के बावजूद उनकी लोकसभा सदस्यता बहाल नहीं की गई। पीठ ने सिंघवी का अनुरोध स्वीकार करते हुए फैजल की याचिका को पहले से लंबित मामले के साथ संलग्न कर मंगलवार को सुनवाई पर लगाने का आदेश दिया। मोहम्मद फैजल ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है। जिसमें कहा है कि हाई कोर्ट के दोषसिद्धि पर रोक लगाए जाने के बाद वह कई ज्ञापन दे चुके हैं लेकिन उनकी लोकसभा सदस्यता समाप्त करने की अधिसूचना वापस नहीं ली गई जिसके कारण वह बजट सत्र में भाग नहीं ले पाए। इस मामले में फैजल को लक्षद्वीप की कवर्ती सत्र अदालत ने हत्या के प्रयास व अन्य धाराओं में दोषी ठहराते हुए 10 साल के कारावास की सजा सुनाई थी।

## देश में फिर से पैर पसार रहा है कोरोनार.1.16 वेरिएंट के 610 मामले आए सामने

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत में क्या एक बार फिर कोरोना वायरस अपना पैर पसार रहा है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि देश में



कोरोना वायरस के मामलों में तेजी देखने को मिल रही है। कोवीड के आंकड़ों के अनुसार, देश भर में कोविड कैं.1.16 वैरिएंट के कुल 610 मामले पाए गए हैं। माना जा रहा है कि यह मामले हाल ही में कोरोनो वायरस के बढ़ते संकट के पीछे का कारण हो सकते हैं। नमूने 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पाए गए हैं। कोविड के आंकड़ों के मुताबिक, इस वेरिएंट के कारण सबसे ज्यादा कोविड-19 मामले महाराष्ट्र और गुजरात में पाए गए हैं। बता दें कि दोनों राज्यों में 164 मामले दर्ज किए गए हैं। इसके बाद तेलंगाना में 93 और कर्नाटक में 86 मामले रिपोर्ट हुए हैं।1.16 वैरिएंट पहली बार जनवरी में पाया गया था, जब दो नमूनों का परीक्षण सकारात्मक आया था। हाल ही में भारत में मामलों में तेजी देख रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सोमवार को अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार, भारत में 1,805 नए कोरोनो वायरस मामले दर्ज किए गए, जबकि सक्रिय मामलों का 134 दिनों के बाद 10 हजार का आंकड़ा पार हो गया है। लगातार छठे दिन कोरोना के एक हजार से अधिक मामले सामने आए हैं।

## कर्नाटक के पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा के घर और कार्यालय पर पथराव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**कर्नाटक।** कर्नाटक के पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा के कार्यालय और



घर पर पथराव किया गया है। बताया जा रहा है कि बीएस येदियुरप्पा के शिवमोग्गा स्थित कार्यालय और घर पर पथराव किया गया है। बताया कि बंजारा और भोवी समुदायों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा के कार्यालय और घर पर पथराव किया गया है। बता दें कि प्रदर्शनकारी पूर्व न्यायाधीश सदाशिव आयोग की रिपोर्ट को लागू करने का विरोध कर रहे थे दरअसल, बंजारा समुदाय के लोगों ने सोमवार को शिवमोग्गा जिले के शिकारीपुरा कस्बे में स्थित भाजपा के कद्दावर नेता बीएस येदियुरप्पा के घर को निशाना बनाया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने उनके घर पर पथराव भी किया। जिसमें कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं सीआरपीसी की धारा 144 लागू वहीं, प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया है, जिसमें महिलाएं भी शामिल थीं। इस लाठीचार्ज में बंजारा समुदाय के कुछ सदस्य भी घायल हुए हैं। बता दें कि अनुसूचित जाति के लिए आंतरिक कोटा के खिलाफ बंजारा समुदाय के लोग विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके चलते कस्बे में सीआरपीसी की धारा 144 लागू कर दी गई है।आंदोलनकारियों ने अपने गुस्से का इजहार करते हुए आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति में शामिल बंजारा समुदाय कम आरक्षण दिया गया है।

## एयर इंडिया ने अमृतसर से गैटविक के लिए शुरू की डायरेक्ट फ्लाइट, सिंधिया बोले- क्षेत्र के विकास में मिलेगी मदद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने सोमवार को अमृतसर से ब्रिटेन के गैटविक





के लिए डायरेक्ट फ्लाइट की शुरुआत की। इस मौके पर नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि नई अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी क्षेत्र के विकास के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में काम करेगी। एयरलाइन ने एक विज्ञप्ति में कहा, ठपूरी तरह से फ्लैट बेड वाली 18 बिजनेस और 238 इकोनॉमी क्लास सीटों से लैस बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर सोमवार, गुरुवार और शनिवार को सप्ताह में तीन फ्लाइट्स संचालित करेगा।ठ एयर इंडिया अहमदाबाद, गोवा और कोच्चि से निर्धारित 9 अन्य साप्ताहिक फ्लाइट्स संचालित करेगी, जिससे गैटविक के लिए कुल 12 साप्ताहिक उड़ानें हो जाएंगी। कुल मिलाकर, एयरलाइन अब प्रति सप्ताह यूके में 49 उड़ानें संचालित करती है- लंदन (हीथ्रो और गैटविक) के लिए 43 फ्लाइट्स और बर्मिंघम के लिए छह फ्लाइट। एयर इंडिया दिल्ली और मुंबई से भी हीथ्रो, लंदन के लिए 31 साप्ताहिक फ्लाइट्स संचालित करती है। गैटविक हवाई अड्डा ब्रिटेन का दूसरा सबसे बड़ा हवाई अड्डा है। अमृतसर से गैटविक के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट का उद्घाटन ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किया। उन्होंने कहा कि नई अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी क्षेत्र के विकास के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में काम करेगी और कहा कि पंजाब के लाखों लोग यूके में रहते हैं और नई सेवा दो अलग-अलग देशों में रहने वाले परिवारों को जोड़ेगी। एयर इंडिया के सीईओ और एमडी कैंपबेल विल्सन ने कहा कि एयरलाइन की योजना भारत के प्रमुख शहरों और प्रमुख वैश्विक गंतव्यों के बीच कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की है। उन्होंने कहा कि ये उड़ानें भारत के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों से यूके और यूके से भारत के लोकप्रिय शहरों तक सीधी हवाई कनेक्टिविटी की बढ़ती मांग को भी पूरा करेंगी।

## लापता होने के कुछ घंटे बाद ही मिले क्रिकेटर केदार जाधव के पिता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**पुणे।** क्रिकेटर केदार जाधव के पिता महादेव जाधव सोमवार को अपने पुणे स्थित घर से लापता होने के कुछ घंटे बाद मिल गए। अलंकार पुलिस थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। केदार जाधव की शिकायत के अनुसार, उनके 75 वर्षीय पिता भूलने की बीमारी से पीड़ित हैं। वह अपने कोथरुड घर से सुबह की सैर पर निकले थे। एक अधिकारी ने कहा कि महादेव जाधव मुंधवा इलाके में पाए गए। मुंधवा थाने के वरिष्ठ निरीक्षक अजीत लकड़े ने कहा कि उनकी हालत ठीक है। उन्हें उनके परिवार से मिला दिया गया है। पुलिस ने बताया कि उसने सीसीटीवी फुटेज की मदद से केदार के पिता को ढूंढा। सीसीटीवी में उन्हें आखिरी बार कर्वे नगर में देखा गया था। बता दें कि केदार जाधव एक बल्लेबाजी ऑलराउंडर हैं, जो 2014-20 के बीच भारत के लिए खेले। केदार ने 73 एकदिवसीय मैचों में देश का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने 42.09 की औसत से दो शतक और छह अर्द्धशतक के साथ 1,389 रन बनाए। उन्होंने



27 विकेट भी लिए हैं। उन्होंने नौ टी20ई भी खेले, जिसमें उन्होंने छह पारियों में एक अर्धशतक के साथ 122 रन बनाएपुणे, पीटीआई। घ्र्ह्ल ण्प्र्ह्ल ध्रैंण् ण्दहत्तिम्र् सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने चीन को साफ शब्दों में घुसपैठ को लेकर चेताया है। सेना प्रमुख ने कहा कि घुसपैठ चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव बढ़ने का संभावित कारण बना हुआ है और भारत किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। मनोज पांडे ने कहा कि चीन ने बल जुटाने और सैन्य ऑपरेशन को चलाने के लिए महत्वपूर्ण क्षमता अर्जित की है और लंबे समय से लंबित सीमा समस्या के साथ इन चीजों को अलग नहीं किया जा सकता है। जनरल पांडे ने कहा कि पिछले समझौतों के उल्लंघन में एलएसी के पार घुसपैठ करने के चीनी प्रयास भारत के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं, लेकिन सेना की तैयारी उच्च स्तर की बनी हुई है। इसेना प्रमुख सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय और नई दिल्ली स्थित सेंटर फॉर चाइना एनालिसिस एंड स्ट्रैटेजी द्वारा आयोजित 'चीन का उदय और दुनिया के लिए इसके प्रभाव' पर दूसरी रणनीतिक वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे परिचालन वातावरण का सबसे महत्वपूर्ण पहलू अस्थिर और विवादित सीमाओं की हमारी विरासत की चुनौतियां बनी हुई हैं।

## सांसदी गई, अब खाली करना होगा सरकारी बंगला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** लोकसभा से अयोग्य घोषित होने के बाद अब लोकसभा आवास समिति ने कांग्रेस नेता राहुल



गांधी को सरकार द्वारा आवंटित बंगला खाली करने का नोटिस दिया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अब पूर्व सांसद हो गए हैं। 2004 में अमेठी से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद उन्हें 12, तुगलक लेन वाला बंगला आवंटित किया गया था। नोटिस के अनुसार, राहुल गांधी को 22 अप्रैल तक अपना सरकारी आवास खाली करना होगा। आपको बता दें कि गुजरात की सूरत कोर्ट ने 'मोदी' सरनेम को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में 2019 में दायर मानहानि मामले में राहुल गांधी को दो साल कैद की सजा सुनाई थी। इसी मामले के चलते राहुल गांधी की संसद सदस्यता छिन गई। अब पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष आठ वर्षों तक चुनाव भी नहीं लड़ पाएंगे। जनप्रतिनिधित्व कानून के अनुसार, जेल से रिहा होने के छह साल बाद तक भी राहुल चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। इस साल जून में राहुल गांधी की उम्र 53 वर्ष हो जाएगी। लोकसभा से उनकी अयोग्यता का मतलब यह हुआ कि 60 साल की उम्र तक वह सांसद बनने की उम्मीद भी नहीं पाल सकते हैं। ओडिशा विधानसभा में कांग्रेस सदस्यों ने लगाए नारे राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने को लेकर कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को सदन से लेकर सड़क तक प्रतिवाद किया है। वहीं ओडिशा विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों ने काले कपड़े पहनकर राज्य विधानसभा में हंगामा किया, जिसके कारण अध्यक्ष को सदन की कार्यवाही शाम चार बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।बता दें कि कांग्रेस सदस्य ने मोदी विरोधी नारे लगाते हुए विधानसभा के बीचोंबीच आ गए।

# रीजेंसी अस्पताल, लखनऊ ने किडनी स्वास्थ्य पर जागरूकता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** अग्रणी सुपरस्पेशलिटी अस्पताल, रीजेंसी अस्पताल ने 28 मार्च को सुबह 6.30 बजे से 8.30 बजे तक किडनी रोगों की रोकथाम पर जागरूकता पैदा करने के लिए वॉकथॉन का आयोजन किया, जिसमे लगभग 3000 लोगो ने भाग लिया । ये वॉकथॉन खुर्रम नगर स्थित रीजेंसी अस्पताल के परिसर से शुरू हुआ और एमडी पैलेस पर समाप्त हुआ । इस वॉकथॉन में कुल 2 किमी की दूरी तय की गयी । वॉकथॉन का आयोजन इस वर्ष विश्व किडनी दिवस की थीम - किडनी हेल्थ फॉर ऑल के तहत किया गया । वॉकथॉन में सभी आयु वर्ग के लोग और यहां तक कि मधुमेह, किडनी रोग या मोटापे से पीड़ित रोगी भी शामिल प्ल। इस पहल में रीजेंसी हेल्थ के डॉक्टर - डॉ. दीपक दीवान, एमडी, डीएम, नेफ्रोलॉजी, रीनल साइंसेज के निदेशक और डॉ. आलोक कुमार पांडे, कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजिस्ट एवं रीनल ट्रांसप्लांट एवं अन्य डॉक्टर भी शामिल हुए । डॉ दीपक दीवान, एमडी, डीएम, नेफ्रोलॉजी, रीनल साइंसेज विभाग के निदेशक, रीजेंसी अस्पताल, लखनऊ ने कहा, ङ्खवॉकथॉन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का हम धन्यवाद देना चाहते हैं कि उन्हें किडनी रोग के बारे में बताएं, जागृति फेलने के लिए हमारी कोशिश इस कोशिश में हमारा साथ दिया किडनी डिजीज का मतलब है कि आपकी किडनी ठीक से काम नहीं कर रही है। क्रोनिक किडनी डिजीज (ण्ख्ङ) का मतलब है कि समय के साथ आपकी किडनी की कार्यक्षमता धीरे-धीरे खराब होती जाती है। उच्च रक्तचाप और मधुमेह सीकेडी के दो सामान्य कारण हैं। सीकेडी का कोई इलाज नहीं है, लेकिन आप यथासंभव लंबे समय तक कार्य को बनाए रखने के लिए कदम उठा सकते हैं। अंतिम चरण की किडनी की बीमारी के लिए डायलिसिस या गुर्दा प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है। डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय, कंसल्टेंट- नेफ्रोलॉजिस्ट एंड रीनल ट्रांसप्लांट, रीजेंसी अस्पताल ने कहा, भारत में किडनी की बीमारी एक बढ़ती हुई स्वास्थ्य चिंता है और किडनी रोगों के कारण जीवनशैली में नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। गुर्दे की बीमारी को अक्सर ठ साइलेंट डिजीजठ के रूप में संदर्भित किया जाता है, क्योंकि इसके शुरुआती चरण में आमतौर पर कोई लक्षण नहीं होते हैं, जितनी जल्दी आपको पता चलता है कि आपको गुर्दे की बीमारी है, उतनी ही जल्दी आप अपने गुर्दे को और नुकसान से बचाने के लिए कदम उठा सकते हैं। यहां तक कि अगर आप स्वस्थ महसूस करते हैं, मगर आपकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है या या आपको मधुमेह, उच्च रक्तचाप, या हृदय रोग जैसे जोखिम वाले कारक हैं, तो अपने डॉक्टर से गुर्दे की बीमारी के परीक्षण के बारे में बात करने पर विचार करें। गुर्दा देखभाल योजना विकसित करने के लिए आपका डॉक्टर आपके साथ काम करने के लिए आपके परीक्षण के परिणामों का उपयोग कर सकता है। एक योजना होने से दिल का दौरा और स्ट्रोक जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के लिए आपका जोखिम कम हो सकता है, और आपको अधिक स्वस्थ क्षण मिल सकते हैं।




# मंदिरों में दुर्गा सप्तशती पाठ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जनपद की विभिन्न तहसीलों तथा विकास खण्ड स्तर पर प्रसिद्ध मंदिरों/शक्तिपीठों में छठें दिन दुर्गा सप्तशती का पाठ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।श्री दुर्गन धाम सागीपुर,श्री अम्बिका धाम आमीशंकरपुर सांगीपुर,दुर्गेश्वरी धाम राहाटीकर सांगीपुर, अष्टभुजा धाम जेठवारा लक्ष्मणपुर,माँ काली मन्दिर फूलपुर लक्ष्मणपुर, भद्रकाली धाम बाबागंज, नायर देवी बाबागंज, श्री काली माँ धाम महियामऊ बिहार,माता माईधाम धाम परियांवा कालाकाँकर, माँ कामाक्षी देवी धाम कमासिन बिहार, माँ चामुण्डा देवी बिहार, माँ ज्वाला देवी मानिकपुर, खुईलन धाम नेवाड़ी मानधाता, माँ शीतला धाम कटरामेंदनीगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, माँ चण्डिका धाम अन्तू,श्री चन्दीपुर धाम मंगरौरा, माँ बाराही धाम शिवगढ़, दुर्गा मन्दिर सर्वजीतपुर पट्टी एवं दुर्गा मन्दिर बहुता में दुर्गा सप्तशती का पाठ/देवी गायन/देवी जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मंदिरों में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है।वैदिक तथा पुराणों में चैत्र नवरात्रि को विशेष महत्व दिया गया है। इसे आत्मशुद्धि तथा मुक्ति का आधार माना गया है चैत्र नवरात्रि में माँ दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है और हमारे चारो ओर एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।जनपद के प्रसिद्ध देवी मन्दिरों पर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



# सिटी लेवल अडवाइजरी फोरम की 11 वी बैठक स्मार्ट सिटी बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** इस मीटिंग की अध्यक्षता इंद्रजीत सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्मार्ट सिटी लखनऊ द्वारा किया गया। सिटी लेवल अडवाइजरी फोरम की बैठक में स्मार्ट सिटी लखनऊ की अवधारणा एवं उसके द्वारा किये जा रहे कार्यो के साथ पूर्ण हो चुके कार्यो पर चर्चा की गई। चर्चा के मुख्य बिंदु में जनेश्वर मिश्र पार्क गोमती नगर में बन रहे म्यूजिकल फाउंटेन के निर्माण एवं उसके डिज़ाइन पर चर्चा की गई। इंटेक द्वारा अमीर उद दौला पुस्तकालय में किताबो का संरक्षण तथा डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा चुका है। स्मार्ट सिटी लखनऊ के स्मार्ट इनिसिएटिव कार्यक्रम जिसके तहत बच्चों के हेल्थ कार्ड एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने से लेकर उनकी मनोस्थिति का कार्य किया जाना प्रावधानित है, साथ ही साथ मिशन भरोसा कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल वैन से विद्यालय जाने वाले बच्चों के प्रति माता पिता की चिंता को दूर करने हेतु कार्यक्रम क्रियान्वित किया गया है। इन दोनों कार्यक्रमो को मीटिंग में शामिल हुए लोगो द्वारा सराहा गया। के डी सिंह बाबू स्टेडियम में अवस्थापना सुविधा एवं बुनियादी ढांचे को मजबूत करने हेतु किये जा रहे कार्य जैसे लाइटिंग, ट्रैक, टॉयलेट एवं रेस्ट रूम्स को तेजी से किया जा रहा है। इसके साथ अर्बन नोड्स पर वृहद चर्चा की गई। अर्बन नोड्स के निर्माण में आ रही समस्या एवं उसके निस्तारण को लेकर सुझाव भी आये। उक्त मीटिंग में मुकेश शर्मा, एमएलसी, श्रीमती संयुक्ता भाटिया, निवर्तमान महापौर नगर निगम लखनऊ, श्री दिवाकर त्रिपाठी, प्रतिनिधि, सांसद लखनऊ, श्री मनीष गुप्ता, राज्यमंत्री, रघुवेन्द्र शुक्ल, दे, सांसद लखनऊ, जेपी पांडेय, प्रतिनिधि सांसद मोहनलालगंज, मनीष अग्रवाल उपाध्यक्ष एसोचैम एवं मनीष खेमका इत्यादि उपलब्ध रहे।



# प्रयागराज की नैनी सेंट्रल जेल पहुंचा अतीक अहमद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उमेशञ्पाल अपहरण केस के मुख्य आरोपी माफिया अतीक अहमद को पुलिस गुजरात की साबरमती सेंट्रल जेल से नैनी सेंट्रल जेल लेकर आ गई है। अतीक के पहुंचने से पहले नैनी जेल के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। क्षअशरफ के प्रयागराज पहुंचने के बाद यहीं रखा जाएगा। जेल में माफिया अतीक को हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा जाएगा और सीसीटीवी कैमरों से बैरक लैस होगी। वहीं अशरफ को भी दूसरी बैरक में रखा जाएगा। डीजीपी मुख्यालय की तरफ से मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके अलावा कारागार मुख्यालय में लाइव फीड वीडियो वॉल पर रहेगी। इसे लेकर डीजी कारागार की ओर से आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। माफिया अतीक को लाने के लिए यूपी पुलिस के काफिले को करीब 24 घंटे का समय लगा। माफिया अतीक को यूपी पुलिस कड़ी सुरक्षा के बीच तीन राज्यों को पार करके लाई है। पुलिस अतीक को गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान होते हुए यूपी लाई है। 16 साल पुराने अपहरण के एक मामले में फैसले को लेकर अन्य आरोपियों के साथ अतीक अहमद को कल प्रयागराज की अदालत में पेश किया जाएगा।



# उम्रकैद की सजा के बाद माफिया अतीक को साबरमती ले जा रही है पुलिस, शाम तक पहुंचेगा काफिला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उमेश पाल अपहरण मामले में प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। मामले में अतीक अहमद समेत तीन दोषियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही जुर्माना भी लगाया है। अतीक को साबरमती जेल ले जाया जा रहा है।माफिया अतीक को ले जा रहा पुलिस का काफिला उदयपुर से निकलकर गुजरात में दाखिल होगा। राजस्थान के कोटा से काफिला निकल रहा है। पुलिस की टीम अतीक को साबरमती जेल ले जा रही है।माफिया से नेता बने अतीक अहमद को नैनी जेल से अहमदाबाद की साबरमती जेल ले जाया जा रहा है। राजस्थान के बारां में पुलिस का काफिला थोड़ी देर के लिए रुका। प्रयागराज की एक अदालत ने कल उमेश पाल अपहरण मामले में अतीक अहमद और दो अन्य को उम्रकैद की सजा सुनाई है।अतीक अहमद को लेकर जा रहा पुलिस का काफिला राजस्थान के बारां जिले में पहुंच गया है। शिवपुरी-राजस्थान बॉर्डर पर गाड़ियों में तेल भरवाया गया है। माफिया अतीक को साबरमती जेल वापस ले जा रहा पुलिस का काफिला बांदा पहंच चुका है अपहरण के मामले में अतीक को उम्रकैद की सजा हुई है। अतीक का कहना है कि वह इस मामले में हाईकोर्ट का रुख करेगा। साबरमती वापस जाते समय चित्रकूट में पुलिस लाइन में अतीक अहमद का काफिला रुका तो उसने पत्रकारों से बातचीत की। उसने कहा कि वह और उसका भाई अशरफ दोनों इस अपहरण के मामले में हाईकोर्ट में अपील करेंगे। यह पूरा मामला फर्जी है। यह अपहरण भी फर्जी था और असली अपहरण यह नहीं था। इस फैसले से हम संतुष्ट नहीं हैं और हाईकोर्ट जाकर अपील करेंगे। चित्रकूट सीमा में अतीक का काफिला पहुंच चुका है। फिलहाल चित्रकूट में अतीक के काफिले को रोक दिया गया है।अतीक अहमद को नैनी जेल से साबरमती जेल ले जाया जा रहा है। अतीक को साबरमती जेल के लिए रवाना कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, चार घंटा 40 मिनट जेल के बाहर वैन में अतीक मौजूद रहाएडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि आज प्रदेश के मुख्य माफिया अतीक अहमद को पहली बार किसी मामले में सजा सुनाई है। उमेश पाल के अपहरण मामले में आज माननीय न्यायालय ने तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आजीवन कारावास के साथ 1-1 लाख रुपए का जुर्माना तीनों अभियुक्तों पर लगाया गया है। अभियुक्तों में अतीक अहमद, खान शौकत हनीफ और दिनेश पासी शामिल हैं।अतीक अहमद के वकील ने दावा किया है कि अतीक को वापस साबरमती जेल भेजा जाएगा। बता दें कि फिलहाल अतीक को प्रयागराज के नैनी जेल में रखा गया है। चर्चा है कि आज ही अतीक को साबरमती जेल भेजा जा सकता है।



# अतीक बोला- जज साहब 'जेल में बंद आदमी से पिस्टल क्यों मंगवाऊंगा, जब मेरे पास उससे अच्छी थी'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सजा सुनाए जाने से पहले माफिया अतीक अहमद ने कोर्ट की कार्यवाही के दौरान बचाव में तर्क देते हुए अपना पक्ष रखा। कहा कि उसके विरुद्ध सारे मामले सियासी रंजिश में दर्ज किए गए थे। उमेश पाल अपहरण कांड में फैसला सुनाने से पहले जैसे ही कोर्ट की कार्यवाही शुरू हुई, अतीक अहमद तुरंत बोल उठा। कहा, न्यायालय अपना फैसला सुनाने से पहले पांच मिनट उसकी बात सुन ले। इसके बाद फैसला सुनाए। अतीक का कहना था कि जेल में बंद व्यक्ति द्वारा उसे पिस्टल पहुंचाए जाने की बात कही जा रही है, वह उससे क्यों हथियार मंगाएगा, जबकि उसके पास बेहतर पिस्टल थी। कोर्ट परिसर में अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ और फरहान को कोर्ट में दोपहर 12.30 बजे लाया गया। बाकी सभी आरोपी जमानत पर जेल से पहले से ही बाहर हैं तो वे कोर्ट में नहीं पेश हुए। अदालत जैसे ही बैठी अतीक बोल उठा। कहा, न्यायालय अपना फैसला सुनाने से पहले उसका भी पक्ष सुन ले। अतीक ने कहा कि बसपा सरकार के बनते ही उसके खिलाफ गुच्छों में मुकदमे दर्ज किए गए। सारे मामले सियासी रंजिश की वजह से उसके खिलाफ दर्ज कराए गए हैं। उमेश पाल मामले में भी उसके खिलाफ केवल अपहरण का केस बनता है। इसलिए पत्रावली पर जो रिकॉर्ड है, उसे देखकर ही फैसला सुनाएं। अतीक ने अपने बचाव में एक और तर्क रखा। कहा कि इस मामले में जो व्यक्ति जेल में बंद हैं, उनके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया। 'उससे अच्छी पिस्टल जब उसके पास थी तो वह जेल से क्यों मंगवाएगा'आरोप लगाया गया कि जेल में रहते हुए पिस्टल पहुंचाई। उसने कहा कि उससे अच्छी पिस्टल जब उसके पास थी तो वह जेल से क्यों मंगवाएगा। कोर्ट ने उसके तर्कों को सुना।




# ट्रैक्टर चालक की गोली व बम मारकर हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सपिपरी कोतवाली के हरदरमऊ गांव के समीप 16 साल पहले दिन-दहाड़े ट्रैक्टर चालक शिवदास की गोली व बम मारकर हत्या करने के दोषी को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी को 30 हजार रुपया जुर्माना अदा करने का भी आदेश दिया है। कौशाम्बी कोतवाली के जाठी गांव निवासी शिवदास अनुसूचित जाति के थे। वह एक ईंट भट्ठे में ट्रैक्टर चलाते थे। शिवदास के भतीजे श्रीनाथ ने पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया था कि 19 जनवरी 2007 को उसका चाचा शिवदास ट्रैक्टर पर मजदूरों को लेकर ईंट भट्ठा जा रहा था। पिपरी कोतवाली के हरदरमऊ गांव के समीप काले रंग की स्कार्पियों से आए जाठी गांव के बिल्ला सिंह उर्फ धर्म सिंह ने अपने साथी पप्पू के साथ मिलकर ओवरटेक करते हुए शिवदास को ट्रैक्टर से खींच लिया। इसके बाद गोली व बम मारकर उनकी हत्या कर दी। श्रीनाथ की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। यह मुकदमा अपर जिला जज चित्रा शर्मा की अदालत में विचाराधीन था। अभियोजन की तरफ से मुकदमे की पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक धर्मेंद्र मौर्या ने आठ लोगों की गवाही कराते हुए दोषियों को सख्त सजा दिए जाने की मांग की। कोर्ट ने बिल्ला उर्फ धर्म सिंह को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साक्ष्य के अभाव में बिल्ला के साथ रहे पप्पू को दोष मुक्त कर दिया गया है।



# इन्दारा-किड़िहरापुर स्टेशन के मध्य दोहरीकरण कार्य से वाराणसी गोरखपुर ट्रेनो का मार्ग परिवर्तन

## प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर ने विद्युतीकरण संरक्षा परीक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**वाराणसी।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के औड़िहार-भटनी रेल खण्ड के इन्दारा स्टेशन के रिमॉडलिंग इन्दारा-किड़िहरापुर स्टेशन के मध्य दोहरीकरण कार्य के कारण 11 मार्च 2023 से 26 मार्च 2023 तक प्री-नॉन इंटरलॉक एवं 26 मार्च 2023 से 30 मार्च 2023 तक नॉन इंटरलॉक एवं रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन निम्नवत् किया जायेगा। इस दौरान रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं परिचालन सुगमता हेतु मूलभूत ढ़ांचे में विस्तार के क्रम में रेलवे के बनारस-प्रयागराज रामबाग रेलखण्ड रामनाथपुर-झूँसी (10.6किमी) रेल खण्ड के विद्युतीकरण का प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर ए0के0 गुप्ता द्वारा विद्युतीकरण का संरक्षा परिक्षण सोमवार को किया गया। इस संरक्षा निरीक्षण के दौरान रेल विकास निगम लिमिटेड के मुख्य परियोजना प्रबंधक विकास चन्द्रा,वाराणसी मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन)ज्ञानेश त्रिपाठी , वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(कर्षण)आर0 एन सिंह,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) पंकज केशरवानी, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजिनियर द्वितीय यशवीरसिंह समेत रेल विकास निगम लिमिटेड के इंजीनियर कर्मचारी एवं वाराणसी मंडल के वरिष्ठ पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार के अनुसार कुछ ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन किया गया है।गोरखपुर से 30 मार्च, 2023 को प्रस्थान करने वाली 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक दादर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर-भटनी-वाराणसी-प्रयागराज जंक्शन के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर -मनकापुर-अयोध्या कैंट -प्रतापगढ़-प्रयागराज जंक्शन के रास्ते चलाई जायेगी। लोकमान्य तिलक से 29 मार्च, 2023 को प्रस्थान करने वाली 15017 लोकमान्य तिलक-गोरखपुर दादर एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग प्रयागराज-वाराणसी-भटनी-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग प्रयागराज-प्रतापगढ़-अयोध्या कैंट-मनकापुर-गोरखपुर के रास्ते चलाई जाएगी। अमृतसर से 29 मार्च को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं-14650 अमृतसर -जयनगर एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग शाहगंज-मऊ-इंदारा-फेफना-छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग लखनऊ-बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-छपरा के मार्ग से चलाई जाएगी। लोकमान्य तिलक से 29 मार्च, 2023 को प्रस्थान करने वाली 11055 लोकमान्य तिलक-गोरखपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग शाहगंज-मऊ-भटनी-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग प्रतापगढ़-अयोध्या कैंट-मनकापुर-गोरखपुर के रास्ते चलाई जाएगी। 5.दुर्ग से 29 मार्च को प्रस्थान करने वाली गाड़ी सं-18201 दुर्ग-नौतनवाँ एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग वाराणसी-भटनी-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग प्रयागराज-प्रतापगढ़-अयोध्या कैंट-मनकापुर-गोरखपुर के रास्ते चलाई जाएगी।



# प्रेमिका के पिता ने प्रेमी को मारी गोली

(आधुनिक समाचार सेवा)
**बांदा।** यूपी के बांदा में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है, यहां प्रेमिका के पिता ने प्रेमी को बंधक बनाकर पहले पिटाई की और जब घायल युवक ने भागने की कोशिश की तो उसको गोली मार दी। घायल अवस्था में युवक को पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। वीओ-1- यह वारदात नरैनी थाना क्षेत्र के पनगरा नहर के पास अंजाम दी गई है जहां 20 वर्षीय युवक रवि को उसकी प्रेमिका के पिता ने गोली मारकर घायल कर दिया। दरअसल घायल युवक रवि नगर कोतवाली क्षेत्र बांदा के छाबी तालाब मोहल्ले का रहने वाला है, रवि का प्रेम प्रसंग नरैनी कस्बे में रहने वाली एक लड़की से चल रहा था और घायल प्रेमी रवि के मुताबिक कल रात लड़की अपने घर से गहने और पैसा लेकर उसके घर आ गई थी जिस पर उनके पिता ने लड़की के पिता को फोन करके इसकी जानकारी दी और लड़की के पिता और परिजन ने बांदा कर लड़की और उसको अपने साथ नरैनी ले गए ।घायल के मुताबिक आज सुबह तकरीबन 10 बजे लड़की के पिता जुगराज ने उसे पनगरा के पास ले जाकर बुरी तरह मारा-पीटा और जब वह भागने लगा तो उस पर फायर कर दिया जिससे उसके हाथ में गोली लगी और वह बुरी तरह घायल हो गया। बाईट-1- रवि निषाद - घायल प्रेमी बाईट-2- डॉ विनीत सचान- ईएमओ जिला अस्पताल वीओ-2- इस मामले में सूचना मिलते ही नरैनी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसका उपचार किया जा रहा है। इस मामले में सीओ नरैनी नितिन कुमार का कहना है कि घायल युवक की तहरीर पर नामजद लोगों को हिरासत में ले लिया गया है जांच की जा रही है विधिक कार्रवाई की जाएगी। बाईट-3 अपर पुलिस अधीक्षक श्रीनिवास बांद।



# सर्वोदय बालिका महाविद्यालय साँगीपुर में हुआ एन0एस0एस0शिविर का शुभारंभ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।**सर्वोदय बालिका महाविद्यालय साँगीपुर मैं राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0चंद्र प्रकाश प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय साँगीपुर ने शूभारम्भ किया।विशिष्ट अतिथि के रूप में कृष्ण कुमार सिंह, सूबेदार सिंह,अभिषेक सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। सर्वोदय बालिका महाविद्यालय साँगीपुर की कार्यक्रमाधिकारी मीरा सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर प्रबंधक राकेश सिंह,डॉ0 वीरेंद्र सिंह प्राचार्य,डॉ0पुष्पेंद्र सिंह,रीना मौर्या,राज कुमार सिंह, विनोद कुमार तिवारी,छोटे लाल गौतम,प्रदीप कुमार गुप्ता,देवराज आदि लोग उपस्थिति रहे।राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने चयनित ग्राम सभा कटरा बुबूपुर में शिविर स्थल पर समापन किया।अतिथियों ने एनएसएस के विषय में स्वयंसेवकों को बताया।



# फोटो खींचने के बहाने बुलाकर कैमरामैन को लूटा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**चायल।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के रावतपुर स्थित मिडिसिटी अस्पताल के पास मंगलवार की दोपहर तमंचे की नोक पर बदमाशों ने कैमरामैन की पिटाई कर लूट लिया। चीख पुकार सुन लोगों को जुटता देख बदमाश जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रयागराज शहर के बम्हरौली शेख सरवा गांव निवासी सौरभ यादव ने बताया कि वह कैमरा मैन है। मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे सौरभ यादव के मोबाइल फोन पर कॉल आई।

# अशोक चक्र श्रृंखला के पुरस्कारों हेतु सिफारिशें 30 अप्रैल तक

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।**अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट त्रिभुवन विश्वकर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि सामान्य प्रशासन अनुभाग 30प्र0 शासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2023 के अवसर पर प्रदान किए जाने वाले शौर्य पुरस्कारों की सिफारिशें 30 अप्रैल तक की जा सकती हैं। घोषित किये जाने वाले अशोक चक्र श्रृंखला के अन्तर्गत देय पुरस्कारों यथा अशोक चक्र, कीर्ति चक्र एवं शौर्य चक्र की सिफारिश हेतु सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारियों को नामित किया गया है।इच्छुक पात्र व्यक्ति अपने क्षेत्र के उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर 30 अप्रैल 2023 तक नियत प्रारूप पर प्रस्ताव भेजवायें। अशोक चक्र श्रृंखला के शौर्य पुरस्कार देश के सर्वोच्च शौर्य पुरस्कारों में से है।ये पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिये जाते है अर्थात् अशोक चक्र (यह अत्यधिक वीरतापूर्ण कार्य या साहसिक कार्य या उत्कृष्ट कार्य या आत्म बलिदान के कार्य के लिये प्रदान किया जाता है), कीर्ति चक्र (यह अत्यधिक उत्कृष्ट शौर्य के लिये प्रदान किया जाता है) और शौर्य चक्र (यह शौर्य के लिये प्रदान किया जाता है)। इन पुरस्कारों की घोषणा भारत सरकार द्वारा हर वर्ष गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के अवसर की जाती है। रक्षा कार्मिकों के अतिरिक्त समाज के सभी क्षेत्रों के आम महिला या पुरूष और पुलिस बलों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों तथा रेलवे सुरक्षा बल के सदस्य भी इन पुरस्कारों की पात्रता के दायरे में आते हैं।

# सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सारस से दोस्ती कर चर्चा में आए आरिफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने पर नाराजगी जताई है

(आधुनिक समाचार सेवा)
**लखनऊ ।** दिन पहले मुख्यमंत्री के एक जानने वाले के हाथी ने कुछ लोगों को मार दिया था। उस पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई है अखिलेश यादव योगी सरकार के छह साल के पूरे होने पर सरकार द्वारा पेश की गई उपलब्धियों के दावों पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास की बात करने वाले जाति जनगणना पर बात नहीं करते हैं। बिना जाति जनगणना सबका साथ सबका विकास नहीं हो सकता है। लखनऊ /सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सारस से दोस्ती कर चर्चा में आए आरिफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि आरिफ पर सिर्फ इसलिए कार्रवाई हो रही है क्योंकि मैं उससे मिलने चला गया। उन्होंने कहा कि अभी कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री के एक जानने वाले के हाथी ने कुछ लोगों को मार दिया था। उस पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई अखिलेश यादव योगी सरकार के छह साल के पूरे होने पर सरकार द्वारा पेश की गई उपलब्धियों के दावों पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास की बात करने वाले जाति जनगणना पर बात नहीं करते हैं। बिना जाति जनगणना सबका साथ सबका विकास नहीं हो सकता है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराना सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (ंव्झ्) का महंगाई, बेरोजगारी, 'उद्योपति मित्रों' द्वारा भारत के पैसों को डुबाने जैसे मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने का हथकंडा है. उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि बीजेपी ने साल 2017 में प्रदेश की सत्ता में आने के बाद सपा विधायक आजम खान जैसे नेताओं के खिलाफ दर्ज फर्जी मामलों में अपनी सरकार और प्रशासन की मदद ली और उन्हें विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिलवाया. नोएडा और ग्रेटर नोएडा के एक दिवसीय दौरे पर आए यादव ने कहा कि अगर ईमानदारी से जांच की जाए तो कई बीजेपी नेताओं को भी उनकी टिप्पणियों के लिए अपनी-अपनी विधायकी छोड़नी पड़ेगी।




# बेकाबू वाहन की टक्कर से जख्मी बेलदार की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मंझनपुर।** सदर कोतवाली के समदा गांव के समीप सोमवार शाम बेकाबू वाहन की टक्कर से जख्मी लोक निर्माण विभाग के बेलदार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना से नाराज बेलदार के घरवालों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया। कादीपुर गांव निवासी सुशील कुमार ने बताया कि उसके पिता राम प्रसाद (55) प्रांतीय खंड (पीडब्लूडी) में बेलदार के पद पर कार्यरत थे। रोजाना की तरह सोमवार को भी वह ड्यूटी कर साइकिल से वापस घर आ रहे थे। समदा के समीप किसी तेज रफ्तार वाहन ने राम प्रकाश को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल राम प्रकाश को स्थानीय लोगों समदा रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बेटे के मुताबिक चिकित्सकों ने ऑपरेशन की सलाह दी। ऑपरेशन करने के बाद राम प्रकाश की हालत बिगड़ गई। चिकित्सक कुछ कर पाते, इससे पहले मंगलवार सुबह राम प्रसाद ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना से नाराज परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इसे लेकर अस्पताल के स्टाफ व मरीजों में अफरातफरी मच गई।





सीधे प्रवेश

100% Placement

15% Fee Concession

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



| | |
|---|---|
| ➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) | फिटर |
| ➢ डेटा इंट्री आपरेटर | वेल्डर |
| ➢ फायर सेफ्टी | सीसीए |
| ➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग | रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी. |
| ➢ इलेक्ट्रीशियन | सिक्योरिटी सर्विस |
| ➢ सीएनसी प्रोग्रामिंग | बेसिक कम्प्युटर |
| ➢ इलेक्ट्रिक मैकैनिक | कम्प्युटर हाडवेयर |



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873

➩ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।


# जनपद में 140 दिव्यांगजनों को दी गई मोटराइज्ड ट्राई साइकिल

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग प्रतापगढ़ द्वारा प्रयास राजकीय अक्षम विद्यालय बढ़नी प्रतापगढ़ में दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण कैंप आयोजित किया गया। किस में 140 दिव्यांग जनों को मोटराइज्ड ट्राईसाकिल साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संगम लाल गुप्ता, विशिष्ट अतिथि विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य, जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा एवं विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल की धर्मपत्नी रही।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगणों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के घोषणा के क्रम में आज दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण किया जा रहा है। सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही हैं आप सभी योजनाओं का लाभ उठाएं।प्रधानमंत्री का संकल्प है कि सभी दिव्यांगजनों को कोई असुविधा नहीं होने पाएगी।आप सब के सुख-दुःख में पूरी सरकार खड़ी है। आज मोटराइज्ड ट्राई साइकिल पाकर आप सबके चेहरे पर जो खुशी दिख रही है यह खुशी दुगना करने की सदैव कोशिश की जाएगी भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा ने कहा कि हमारी सरकार की नीति है की हर व्यक्ति को पात्रता के आधार पर लाभ मिले और यह लाभ अंतिम पायदान तक रह रहे व्यक्ति तक पहुँचेविधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ उठाएं और कोई भी समस्या हो तो हम सब उसका निराकरण करने के लिए तत्पर रहेंगे। कुल 140 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल दिव्यांगजनों को वितरण किया गया।कार्यक्रम अतिथियों का स्वागत जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सच्चिदानंद तिवारी जी एवं जिला दिव्यांग बंधु के सदस्य समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य द्वारा किया गया एवं संचालन शासकीय अधिवक्ता विवेक उपाध्याय द्वारा किया गया।इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज की पत्नी प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रही।साथ ही भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेंद्र शुक्ला,दिव्यांग बंधु के सदस्य रोशनलाल उमरवैश्य, अनिरुद्ध तिवारी,हर्ष सिंह, राकेश,सुशील मिश्रा आदि मौजूद रहे।



# विन्ध्य महोत्सव के मंच पर 29 मार्च को देश की जानी मानी गायिका अभिलिप्सा पाण्डा के द्वारा की जायेगी भजन की प्रस्तुति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** विन्ध्याचल में आयोजित विन्ध्य महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर कल दिनांक 29 मार्च 2023 की सांय सात बजे से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमो की श्रृंखला में माता विन्ध्यवासिनी के दरबार में उड़ीसा की रहने वाली देश की जानी मानी भजन गायक कलाकार अभिलिप्सा पाण्डा का कार्यक्रम आयोजित होगा। अभिलिप्सा पाण्डा भारत के प्रसिद्ध सिंगरों मे से एक प्रसिद्ध जानी मानी कलाकार है। कल दिनांक 29 मार्च 2023 को विन्ध्य महोत्सव में इनका भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। इनका सबसे फेमस गीत ''हर-हर शम्भू शिव महादेवा.....हैं'' जिसे लोगो के द्वारा काफी पसन्द किया गया। अभिलिप्सा पाण्डा गायिका होने के साथ ही साथ एक अच्छी डांसर और मार्शल आर्टिस्ट भी हैं। तदुपरान्त विन्ध्य महोत्सव के मंच पर मीरजापुर के लोक गायक अमित दूबे के द्वारा भी गायन प्रस्तुत किया जायेगा। इसी क्रम में विन्ध्य महोत्सव के मंच पर दिनांक 26 मार्च 2023 को जनपद के लोकगायक खोखाराम मिर्जापुरी तथा जनपद की लोकगायिका कल्पना गुप्ता के द्वारा दिनांक 27 मार्च 2023 की सांय को विद्या सागर प्रेमी व उनकी टीम के द्वारा भी कार्यक्रम की प्रस्तुति कर लोगो को मनमोहक भजन व भक्ति गीत सुनाकर मत्रमुग्ध किया गया।



# यह देखिए केमिकल की ताकत कितनी अधिक मुरझाई हुई सुखी भाजी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** यह देखिए केमिकल की ताकत कितनी अधिक मुरझाई हुई सुखी भाजी ( शाग , सब्जी )को किस प्रकार ताजा करके बाजारों में बेचा जाता है वह केमिकल हम कितना भी धो लें वह जब (भाजी, सब्जी ) अवशोषित कर लेता है और जब हम उसे पका कर खाते हैं तो हमारे शरीर के अंगो को जैसे हर्ट ,लीवर ,किडनी ,आँत ,हेयर,आँख,पूरे बॉडी पाट्र्स को कितना नुकसान पहुंचाता होगा इस वीडियो में आप देखिए और भारत देश की सभी जनता को बताइए इस सत्यता के बारे में और हमारा यह दायित्व है कि हम जनता को अवश्य बताएं। आज से ही कैमिकल फ्री प्रोडक्ट इस्तेमाल करना शुरू कीजिये भले ही थोड़े मँहगे हो जब हम ही नही रहेंगे तो पैसो घर गाली का क्या होगा फिर कोई नही आयेगा समझाने आज नही समझे तो। सभी तरह के 100ज्ञ् शुद्ध आयुर्वैदिक कैमिकल फ्री प्रोडक्ट जैसे हेल्थ,पर्सनल केयर,लेडीज केयर,होम केयर प्रोडक्ट पाने के लिये संपर्क करें। मो 9713781379 शेयर जरूर करें।



# मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन किया



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** मिर्जापुर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद डॉ. के लक्ष्मण ने रविवार को मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ राहुल गांधी की अमर्यादित बयानबाजी देश के पिछड़ी जाति के लोग सहन नहीं करेंगे। कांग्रेस ने पिछड़ी जाति के लोगों को केवल वोट बैंक समझ रखा था। आगामी निकाय व लोकसभा चुनाव में पिछड़ी जाति के लोग नरेंद्र मोदी के अपमान का बदला लेंगे।

# नई डेंटल चेयर मशीन इंस्टाल होने के बाद प्राचार्य डा. आरबी कमल ने शुभारंभ किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** मिर्जापुर मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कालेज) के अधीन मंडलीय अस्पताल के आपरेशन थियेटर में एनेस्थिसिया वर्क स्टेशन मशीन और डेंटल विभाग में नई डेंटल चेयर मशीन इंस्टाल होने के बाद प्राचार्य डा. आरबी कमल ने शुभारंभ किया। आपरेशन थियेटर में दो एनेस्थिसिया वर्क स्टेशन मशीन आई है। इससे आपरेशन करने में सुविधा होगी। साथ ही डेंटल की नई चेयर लगने से दांत के मरीजों को भी बेहतर सुविधा मिलेगी। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. आरबी कमल ने बताया कि आपरेशन थियेटर में दो एनेस्थिसिया वर्क स्टेशन मशीन को लगाया गया है। जिसकी कीमत 40 लाख रुपये है। इस मशीन को लखनऊ से आए विशेषज्ञों ने सोमवार को आपरेशन थियेटर में इंस्टाल कर दिया है। इस मशीन के लगने से आपरेशन करने में सहुलियत होगी।

# तेज गति से जा रहे ट्रक ने बोलेरो में टक्कर मार दिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** मिर्जापुर चुनार स्थानीय थाना क्षेत्र के चेचरी मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के पास रविवार की रात तेज गति से जा रहे ट्रक ने बोलेरो में टक्कर मार दिया। जिससे बोलेरो में सवार चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चचेरी मोड़ ले गयी। जहां चिकित्सक ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का उपचार किया गया। घटना की सूचना परिजनों को दी गई। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। लालगंज इलाके से रविवार की रात एक बोलेरो में सवार होकर छह लाग मानसिक रूप से परेशान क महिला को सासाराम बिहार नवरात्रि में चल रहे पूजा पाठ के दौरान किसी बाबा के पास लेकर जा रहे थे।

# झारखण्ड पुलिस ने दहेज उत्पीड़न आरोपी के घर पर चस्पा किया नोटिस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुद्धी/सोनभद्र।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के विडर गांव में सोमवार को झारखंड के हुसैनाबाद पलामू के पुलिस ने दहेज उत्पीड़न में जुट गई। इस सबन्ध में हुसैनाबाद थाना के स0अ0नि0नन्द कुमार पासवान ने बताया कि उक्त अभियुक्त सशरीर माननीय न्यायालय



के आरोपी के घर नोटिस चस्पा किया। क्षेत्र के विडर गांव निवासी शशि प्रकाश पुत्र श्रवण चौधरी के विरुद्ध झारखंड के हुसैनाबाद महिला थाना 6 सितंबर 22 को धारा 498, 34, 3/4 दहेज अधिनियम के अभियुक्त के मामले दर्ज कर विधिक कार्यवाही डाल्टनगंज में 6 मई 2023 तक अगर हाजिर नही होते है तो माननीय न्ययालय के आदेश पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। मौके पर दुद्धी थाना पुलिस एवं ग्रामीणों के समक्ष घर के अन्य लोगो के सामने इश्तेहार चिपकाया गया।

# डीएवी पब्लिक स्कूल खडिया मे एनुअल डे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

## बच्चों के विकास में मां की अग्रणी भूमिका- संध्या एल पांडे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शक्तिनगर /सोनभद्र।** डीएवी पब्लिक स्कूल खड़िया में आज एनुअल रिपोर्टिंग डे के अवसर पर वार्षिक परीक्षा परिणाम के साथ-साथ विद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जी एम खड़िया परियोजना श्री राजीव कुमार जी ने एस ओ (पी) श्री ए के टोपो, ए एफ एम श्री जुगल किशोर, एस ओ (सिविल) श्री जे एस पी सिंह, एस ओ (इलेक्ट्रिक एंड मेंटेनेंस) श्री ए पी सिंह, डिप्टी मैनेजर पर्सनल हेड क्वार्टर सिंगरौली श्री कौशल कुमार जी के साथ सामूहिक दीप प्रज्वलित कर संपन्न किया । तदुपरांत विद्यालय के बच्चों ने अतिथि देवो भव की परंपरा का पालन करते हुए (स्वागत है श्रीमान आपका) गीत के माध्यम से मुख्य अतिथि सहित सभी का स्वागत किया तथा छात्राओं ने बंगाली नृत्य के माध्यम से मां सरस्वती की सुंदर वंदना प्रस्तुत की । प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडे जी ने अभिभावकों सहित सभी का हार्दिक अभिनंदन करते हुए बधाई दी तथा बताया कि बच्चों के विकास में प्रथम भूमिका मां की होती है, प्रत्येक बच्चा अपनी पहचान है। उसे पठन-पाठन के साथ-साथ पाठ्य सहगामी क्रियाओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान



में रखकर बनाई गई है। पठन-पाठन में हम उसके नियमों को अमल में रखकर बच्चों के विकास में पूर्ण रूपेण प्रयत्नशील हैं । नर्सरी से लेकर कक्षा दो तक के छात्र- छात्राओं को विभिन्न मानकों के आधार पर उन्हें मुख्य अतिथि महोदय द्वारा मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए । जिसमें मेमोरी, लीडरशिप, बटरफिंगर ,स्टार बॉय ,स्टार गर्ल एवं सुपर साइंटिस्ट जैसे मानक रखे गए ।कक्षा तृतीय से लेकर कक्षा 9 तथा 11वीं तक के छात्रों को कक्षावार उनके एकेडमिक रैंक के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले छात्रों को उनके अभिभावकों के साथ मुख्य अतिथि महोदय द्वारा प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किए गए तथा साथ ही साथ कक्षा तृतीय से लेकर पंचम छठवीं से लेकर आठवीं तथा नर्सरी से लेकर 12वीं तक के स्पोट्र्स स्टार एवं कल्चरल स्टार छात्रों को भी मुख्य अतिथि महोदय द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा कक्षा में सत्र के दौरान शत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले छात्रों की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम समापन पर मुख्य अतिथि महोदय ने अपने संदेश में सभी छात्रों के उपलब्धियों की सराहना करते हुए सभी को पठन पाठन एवं पाठ्य सहगामी क्रियाओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने तथा प्रतिभाग करने का संदेश दिया, साथ ही साथ सभी के उज्जवल एवं मंगलमय भविष्य की कामना भी की। पुरस्कृत छात्र -छात्राएं और उनके अभिभावकों में हर्ष व्याप्त है ।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सत्याग्रह किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** मिर्जापुर घंटाघर परिसर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मूर्ति के नीचे बैठकर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सत्याग्रह किया। आरोप लगाया गया कि भाजपा सरकार राहुल गांधी को डराने का प्रयास कर रही है। कार्यक्रम के आयोजक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं मीडिया प्रभारी मिन्हाज आमद छोटे खान ने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए सत्याग्रह किया जा रहा है। कहा कि पार्टी के नेता राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से बीजेपी सरकार घबराई हुई है। राहुल गांधी को डरवाने की कोशिश कर रही है बीजेपी सरकार लेकिन राहुल गांधी डरने वाले नहीं हैं। वे जनता की आवाज को उठाते रहेंगे। जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर चौबे ने कहा कि ने कहा कि सब के नेता राहुल गांधी हमेशा से जनता की आवाज को उठाते रहे हैं।

# निरीक्षक ने रोपवे कर्मी की लात घूसों से पिटाई कर दा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** मिर्जापुर विंध्याचल पहाड़ी पर स्थित कालीखोह रोप वे पर रविवार को दोपहर में साइड करने की बात कहने पर निरीक्षक ने रोपवे कर्मी की लात घूसों से पिटाई कर दी। इसके बाद कंट्रोल रूम में घुस गए। अन्य पुलिसकर्मियों ने पिटाई करने वाले निरीक्षक को समझाया। उधर, पिटाई से आक्रोशित अन्य कर्मचारियों ने रोपवे का संचालन बंद कर दिया। सीसीटीवी में सब रिकार्ड हो गया। पिटाई का वीडियो भी वायरल हो गया। रोपवे कर्मियों के आक्रोश और वीडियो वायरल होने पर पुलिस की किरकिरी होते देख पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने निरीक्षक को निलंबित कर दिया। उन्होंने इस मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक नगर को सौंपी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** मिर्जापुर सक्तेशगढ़ चुनार थाना क्षेत्र के गोबरदहा रेलवे क्रासिंग के पास सड़क किनारे रविवार को सुबह एक व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची सक्तेशगढ़ पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई। शिनाख्त होने पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। थाना क्षेत्र के कुबा खुर्द गांव निवासी बाबूलाल (50) शनिवार की शाम घर से बाइक लेकर दवा लेने निकले थे। काफी देर तक वे घर नहीं आए तो पत्नी और परिवार के लोग खोजबीन करने लगे। खोजबीन करने के बाद भी बाबूलाल का पता नहीं चल सका।



# एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा आई सी एच के दो दिवंगत कर्मचारियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर द्वारा इंडियन कॉफी हाउस के दो कर्मठ कर्मचारियों



स्वर्गीय गिरीश वी एवं स्वर्गीय वर्गिस मैथ्यू को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई । स्वर्गीय गिरीश वी, उम्र 36 वर्ष , कोट्टायम केरला के मूल निवासी थे एवं इंडियन कॉफी हाउस एनटीपीसी सिंगरौली में 2010 से कार्यरत थे। स्वर्गीय वर्गिस मैथ्यू, उम्र 30 वर्ष , वायनाड केरला मूल निवासी थे एवं इंडियन कॉफी हाउस एनटीपीसी सिंगरौली में वे 2018 से कार्यरत थे। इंडियन कॉफी हाउस एनटीपीसी सिंगरौली परिवार का अभिन्न अंग है एवं कोविड जैसी आपदाओं में आई सी एच का कार्य अत्यंत सराहनीय रहा। स्वर्गीय गिरीश वी एवं स्वर्गीय वर्गिस मैथ्यू की दिवंगत आत्माओं को शांति हेतु एनटीपीसी सिंगरौली में शांति - शोक सभा का आयोजन किया गया। एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना प्रमुख श्री राजीव अकोटकर जी ने पुष्पांजलि अर्पित की एवं सभी आई सी एच कर्मियों को इस कठिन समय में एक साथ रहकर हौसला बढ़ाने हेतु प्रेरित किया । इस शांति शौक सभा में श्री सतीश कुमार गुजरानिया, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एलके बेहरा, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), डॉ एसके खरे महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएं, श्री अशोक कुमार सिंह, महाप्रबंधक (ऑपरेशन), श्री अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (मैंटेनेंस), श्री देबव्रत कर, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं), श्री जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक (ऐश डाइक प्रबंधन), यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी गण, श्री राजेश कुमार सिंह, थाना अध्यक्ष शक्तिनगर, आई सी एच के कर्मचारी गण एवं उनके परिवार के सदस्य एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारिगण द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# दुद्धी उप डाक घर में कर्मचरियों का तांडव हुआ विडियो वायरल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुद्धी/सोनभद्र।**एक कर्मचारी दूसरे कर्मचारी को माँ बहन व थप्पड़ों से नवाजता हुआ कोतवाली दुद्धी जनपद सोनभद्र अंतर्गत दुद्धी उप डाक घर में एक कर्मचारी द्वारा दूसरे कर्मचारी को खूब माँ बहन कि गाली व थप्पड़ों से मारते हुए वीडियो हुआ वायरल पुलिस व उप मण्डली य डाक निरिक्षक दुद्धी विनोद यादव द्वारा कोई कार्यवाही नहीं कि गयी। गौरतलब है कि दुद्धी कोतवाली अंतर्गत दुद्धी उप डाक घर में अवैध रूप से आवास बना कर शिव बहादुर सिंह (रजखर शाखा डाक पाल) रहते है जिनके द्वारा अशर्फी सिंह मौर्य (अमवार के ग्रामीण डाक सेवा/डीजीएस) को मारा-पीटा एंव मां बहन कि गाली दी जिसका विडियो भी वायरल हुआ। लेकिन खबर लिखे जाने तक दुद्धी उप डाक घर में आवास बनाकर फर्जी ढंग से रहते हैं कर्मचारी का दुद्धी मंडली डाल निरीक्षण दुद्धी विनोद यादव द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं कि गयी।



# प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए लोक कलाकारों ने भक्ति गीतों से तीर्थ यात्रियों को किया सराबोर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्रि विंध्याचल में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के विशेष प्रयास से विंध्याचल रोडवेज परिसर में आयोजित विंध्य महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम विंध्याचल नवरात्र मेले में आने वाले देश के कोने कोने के तीर्थयात्रियों को लुभा रहा है। भजन संध्या, देवी गीत कार्यक्रम का शुभारंभ सदस्य विधान परिषद श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह ने देवी मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। विंध्य महोत्सव के चतुर्थ दिवस के अवसर पर लखनऊ से पधारे विभु वाजपेई के गीतों पर लोग झूमने को विवश हुए, वाराणसी से आए कथक नृत्य के फनकार विशाल कृष्णा ने अपने कथक नृत्य के जरिए लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या देवी गीतों के क्रम में जौनपुर से आए भजन कीर्तन रामायण के क्षेत्र में ख्यातिलब्ध लोक कलाकार आशीष पाठक ने अपनी टीम के साथ जय हो गणपत राजा, मेरी विनती सुन कर आजा.... प्रस्तुत कर लोगों की खूब वाहवाही लूटी। प्रभु श्री राम की नगरी का वर्णन करते हुए उन्होंने सुनाया ना किसी की नजर लागे, मेरे राम की नगरियां को... लोक कलाकार आशीष पाठक के भजनों पर झूमने के लिए विवश हुए देवी भक्तों की आस्था उत्साह और मांग पर उन्होंने पुनः शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के विशाल वैभव का वर्णन करते हुए अपने गीतों के माध्यम से शेर पर सवारी, हथवा में कटारी...... प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। देवी गीतों के क्रम को उन्होंने आगे बढ़ाते हुए दहेज प्रथा पर करारा प्रहार करते हुए उन्होंने कब तक अपने भारत की बेटी, दहेज की बलिवेदी पर चढ़ती रहेगी....... प्रस्तुत कर लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के पश्चात जिलाधिकारी दिव्या मित्तल अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रकाश शुक्ल द्वारा सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह एवं माता की चुनरी प्रदान कर उनका मंच पर सम्मान किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, जिला कमांडेंट होमगार्ड बीके सिंह, पर्यटन अधिकारी नवीन कुमार, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी नगर परमानंद कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी गण, गणमान्य जन मौजूद रहे।



# मोबाईल वेटेरिनरी यूनिट ( वैन ) के सदस्य विधान परिषद ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** को ई0एस0वी0एच0डी0 योजनान्तर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में मोबाईल वेटेरिनरी यूनिट (वैन) का सदस्यविधान परिषद श्यामनारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया जी एवं सांसद अरुण सिंह के प्रतिनिधि धनन्जय पण्डेय तथा मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस एवं मुख्य पशुचिकित्साधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व एन0आई0सी0 में माननीय सदस्यों द्वारा मा0 मुख्यमंत्री का सम्बोधन श्रवण किया गया एवं तदोपरान्त सभी माननीय जनप्रतिनिधियों का बुके देकर स्वागत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा सबसे पहले श्यामनारायण सिंह जी विधान परिषद सदस्य, उत्तर प्रदेश का बुके देकर स्वागत किया गया एवं इस योजना की समस्त जानकारियों जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित जनता को दी गयी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी मीरजापुर ने जिला पंचायत अध्यक्ष जी एवं सांसद अरूण सिंह जी के प्रतिनिधि धनन्जय पण्डेय का बुके देकर स्वागत किया गया। इन माननीयों ने सर्वप्रथम डण्टण्न्ण् का निरीक्षण किया। जनपद में प्राप्त 02 मोबाईल वैन का उद्घाटन करते हुए मूक पशुओं की सेवा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जनपद के सभी पशुचिकित्साधिकारियों, उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी एवं क्षेत्रीय जनता की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संचालित हुआ। फ्लैग आफ कार्यक्रम का समापन मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा0 राजेश कुमार सिंह के आभार प्रकटीकरण के साथ सम्पन्न हुआ। जनपद में 06 डण्टण्न्ण् और अतिशीघ्र आज ही प्राप्त हो जायेगा



# आईपीएल 2023 में एकदम नए अवतार में नजर आएंगे स्टीव स्मिथ वीडियो के जरिये किया बड़ा खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया टीम के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ आईपीएल 2023 में एकदम नए अवतार में नजर आएंगे। स्मिथ ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स पर एक वीडियो शेयर करके जानकारी दी है कि वो आईपीएल में कमेंट्री करते हुए नजर आएंगे। आधुनिक युग के दिग्गज बल्लेबाजों में से एक स्मिथ आईपीएल 2023 में कमेंट्री डेब्यू करेंगे। स्मिथ ने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक 15 सेकंड की क्लिप पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने कहा कि वो भारत की एक जुनूनी टीम से जुड़ने जा रहे हैं। स्मिथ ने कहा, 'नमस्ते इंडिया। मेरे पास आप लोगों के लिए एक उत्साहजनक खबर है। मैं आईपीएल 2023 से जुड़ रहा हूं। हां, ये सही है। मैं भारत में एक बेहतरीन और



जुनूनी टीम से जुड़ रहा हूं।याद दिला दें कि स्टीव स्मिथ ने आईपीएल 2022 में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया था। फिर इस साल स्मिथ ने आईपीएल में हिस्सा लेने से इंकार कर दिया था। स्मिथ के इस फैसले के पीछे की वजह मानी जा रही थी कि वो एशेज सीरीज की तैयारियों में जुटेंगे। इसके अलावा खबरें यह भी थी कि आईपीएल 2022 में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलते हुए स्मिथ ने ज्यादातर समय बेंच गर्म की थी। यही वजह रही कि उन्होंने आईपीएल 2023 में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया था। 2012 में आईपीएल डेब्यू करने वाले स्टीव स्मिथ ने इस लीग में अब तक कुल 103 मैच खेले हैं। इस दौरान 1 शतक और 11 अर्धशतकों की मदद से स्मिथ ने 2485 रन बनाए। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने यह रन 34.51 की औसत और 128.09 के स्ट्राइक रेट से बनाए। स्टीव स्मिथ कितने मैचों में कमेंट्री करेंगे यह तो साफ नहीं हो पाया है, लेकिन फैंस इस खिलाड़ी के क्रिकेट ज्ञान को सुनने के लिए बेताब जरूर हैं।

# न्यूजीलैंड ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए किया टीम का ऐलान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए अपने स्क्वाड की घोषणा कर दी है। टॉम लैथम न्यूजीलैंड के कप्तान होंगे। टॉम लैथम ने 2021 के बाद पहली बार राष्ट्रीय टी20 टीम में वापसी की है। याद दिला दें कि टिम साउथी, केन विलियमसन, ग्लेन फिलिप्स, डेवोन कॉनवे, मिचेल सैंटनर, फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल और लोकी फर्ग्यूसन को न्यूजीलैंड की टीम में जगह नहीं मिली है क्योंकि इन सभी को 31 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल में खेलने की मंजूरी मिल गई है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने लैथम की टी20 प्रारूप में वापसी के बारे में



बातचीत करते हुए कहा, 'हमने इस साल भारत के खिलाफ सीरीज में देखा कि टॉम लैथम के पास शॉट्स की क्या रेंज है। उनमें अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी करने की क्षमता है। उन्होंने 2021 में बांग्लादेश के खिलाफ गैरअनुभवी टीम का नेतृत्व किया और हम इससे काफी प्रभावित हुए थे।' न्यूजीलैंड ने दो अनकैप्ड खिलाड़ियों - चाड बोव्स और हेनरी शिपले को शामिल किया है जबकि जिमी नीशम की वापसी हुई है। न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ 13 सदयीय टीम चुनी है जबकि पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए 16 सदस्यों का चयन किया है। बता दें कि श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टी20 इंटरनेशनल सीरीज के बाद कोच स्टीड पाकिस्तान के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज में ब्रेक लेंगे। फिर 26 अप्रैल से रावलपिंडी में पांच वनडे मैचों की सीरीज में वो लौट आएंगे।श्रीलंका के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए न्यूजीलैंड का स्क्वाड इस प्रकार है- टॉम लैथम (कप्तान), चाड बोव्स, मार्क चैपमैन, मैट हेनरी, बेन लिस्टर, एडम मिलने, डैरिल मिचेल, जिमी नीशम, रचिन रवींद्र, टिम सीफर्ट, हेनरी शिपले, ईश सोढ़ी और विल यंग।पाकिस्तान के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए न्यूजीलैंड का स्क्वाड इस प्रकार है- टॉम लैथम (कप्तान), चाड बोव्स, मार्क चैपमैन, मैट हेनरी, बेन लिस्टर, एडम मिलने, डैरिल मिचेल, जिमी नीशम, रचिन रवींद्र, टिम सीफर्ट, हेनरी शिपले, ईश सोढ़ी, विल यंग, डान क्लीवर, कोल मैकोन्की और ब्लेयर टिकनर।

# मुंबई इंडियंस के चैंपियन बनने से ज्यादा हो गई इस विकेट की चर्चा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला मुंबई इंडियंस ने 7 विकेट से अपने नाम किया। फाइनल मैच में जीत हासिल कर ंइथ् का खिताब जीतने वाली पहली टीम मुंबई बनी। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लेनिंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली टीम को शुरुआती ओवर में ही सलामी करने आई दिल्ली टीम की ओपनर शेफाली वर्मा पारी के दूसरे ओवर में ही अपना विकेट गंवा बैठी। दूसरे ओवर की पहली गेंद पर शेफाली वर्मा ने छक्का जड़ा। अगली गेंद पर उन्होंने इसी वोंग के खिलाफ चौका लगाया। तीसरी गेंद पर शेफाली वर्मा फुलटॉस गेंद पर कैच आउट हो गई। इस गेंद पर शेफाली वर्मा के बल्ले से लगकर गेंद हवा में जैसे ही गई, तो कप्तान लेग मेनिंग ने रिव्यू लेने



बल्लेबाज शेफाली वर्मा के रूप में पहला झटका लगा, लेकिन फाइनल मैच खत्म होने के बाद भी विजेता टीम से ज्यादा शेफाली वर्मा का विकेट चर्चा का विषय बना हुआ है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं इस बारे में विस्तार से। दरअसल, महिला प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में एक बार फिर से अंपायर का डिसिजन सवालों के घेरे में नजर आ रहा है। फैंस सोशल मीडिया पर दिल्ली कैपिटल्स की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के विकेट के फैसले को गलत बता रहे है। बता दें कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इतना ही नहीं, बल्कि खुद शेफाली ने अंपायर को कहा कि क्या ये गेंद कमर से ऊपर नहीं है। अंपायर ने उन्हें अनसुना किया और उन्हें आउट करार दिया।इस दौरान शेफाली पवेलियन की ओर जा ही रही थी कि कप्तान मेग ने रिव्यू लिया और रिव्यू में साफ देखा गया कि यह गेंद वेस्ट हाईट लग रही है और स्टंप्स के ऊपर से भी जा रही है, लेकिन अंपायर ने उन्हें आउट ही करार दिया। ऐसे में दिल्ली टीम के शुरुआती झटके पर फैंस नाराजगी जता रहे है और अंपायर के इस फैसले पर सवाल खड़े कर रहे है।

# शिखर धवन ने केवल 14-15 की उम्र में करा लिया था एचआईवी टेस्ट 'गबर' ने अहम वजह का किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज शिखर धवन ने हाल ही में एक बड़ा खुलासा किया। धवन पर टैटू बनवाया था।धवन ने टैटू कौन सा बनवाया उन्होंने आगे कहा, 'मैंने करीब 3-4 महीने अपने घर वालों को टैटू के बारे में कुछ नहीं चलकर मैंने अपने हाथ में भगवान शिव का टैटू बनवाया। अर्जुन का भी टैटू बना हुआ है।'शिखर धवन ने इस दौरान भारतीय टीम में अपनी



ने बताया कि जब वो महज 14 या 15 साल के थे, तब अपना एचआईवी टेस्ट कराया था। धवन ने बताया कि एचआईवी टेस्ट कराने के पीछे की असली वजह क्या था।गब्बर' के नाम से मशहूर शिखर धवन ने एक चैनल को दिए इंटरव्?यू में बताया कि उन्होंने अपना पहला टैटू पीठ पर बनवाया था। मगर उन्हें डर लगा, जिसके चलते एचआईवी टेस्ट कराना पड़ा। धवन ने आज तक को दिए इंटरव्यू में कहा, 'जब मैं 14 या 15 साल का था, तब मनाली गया था और घर वालों को बिना बताए अपनी पीठ बताया। मेरे पिता को इस बारे में पता चला। मेरी खूब पिटाई हुई। मैं टैटू बनवाने के बाद डर भी गया क्योंकि पता नहीं था कि कितने लोगों के लिए उस सूई का इस्तेमाल किया गया होगा। मैंने जाकर अपना एचआईवी टेस्ट कराया और भगवान की कृपा रही कि यह नेगेटिव निकला।धवन ने साथ ही बताया कि उन्होंने अपना पहला टैटू कौन सा बनवाया था। उन्होंने कहा, 'मैंने पीठ पर स्कॉर्पियो का टैटू बनवाया था। उस समय मेरी सोच यही थी कि कुछ अलग करना है। फिर मैंने इस पर डिजाइन बनवाई। आगे वापसी के बारे में बातचीत की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय टीम में वापसी की उम्मीदों को नकारा नहीं है। धवन कड़ी मेहनत पर विश्वास रखते हैं और उनका मानना है कि जब भी मौका मिले, तो वो प्रदर्शन करने के लिए तैयार रहे।भारतीय ओपनर ने कहा, 'अगर भारतीय टीम से खेलने का दोबारा मौका नहीं मिलता है तो मुझे कोई मलाल नहीं रहे क्योंकि मैंने कड़ी मेहनत जारी रखी है। जो कुछ भी मेरे हाथ में है, मैं बस वो ही करना चाहता हूं।'

# 'ये ट्रॉफी इनके बिना नहीं मिलती' जानें चैंपियन बनते ही हरमनप्रीत कौर ने किसे दिया जीत का श्रेय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग के पहले सीजन का खिताब अपने नाम करते हुए इतिहास रच दिया है। हरमनप्रीत कौर ंइथ् में खिताब जीतने वाली पहली कप्तान बन गई। फाइनल मैच में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी। इस शानदार जीत के बाद हरमनप्रीत कौर पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन के दौरान काफी खुश रही। उन्होंने इस दौरान कहा कि यह एक शानदार अनुभव रहा और उनके लिए यह किसी सपने से कम नहीं है।दरअसल, मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला प्रीमियर लीग का पहला सीजन जीतने के बाद कहा कि ये काफी खुशी का पल है हमारे लिए। हमने इसके लिए काफी मेहनत की थी और अब जब नतीजा हमारे पक्ष में आया है तो सभी इससे काफी उत्साहित हैं।''ये हम सबके लिए एक बड़ा अनुभव है। हमने इसके लिए काफी लंबे समय से इंतजार किया था और अब वो पल आ ही गया। मेरे लिए ये एक सपने से कम नहीं है। सब इसके बारे में पूछ रहे थे कि ये कब आएगा, लेकिन अब आ गया है। हमारे पास एक शानदार बल्लेबाजी लाइन अप थी। टीम में सभी ने अपनी जिम्मेदारी समझी और उसे निभाया। हमने जिस तरह से आज शुरुआत की थी वो अच्छा रहा और हम आज भाग्यशाली भी रहे कि हमें सस्ते में पवेलियन लौटी। ऐलिस कैप्सी भी बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटी। वहीं, जेमिमा महज 9 रन बनाकर आउट हुई। इस तरह



शुरुआत में फुल टॉस पर विकेट्स मिले। फाइनल भिड़त में मुंबई टीम गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में शानदार रही। इस मैच में दिल्ली टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 131 रन बनाए।दिल्ली टीम की तरफ से कप्तान मेग लेनिंग (35) रन के अलावा कोई भी बल्लेबाज खास रन नहीं बना पाया। टीम की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा फाइनल मैच में फ्लॉप नजर आई। वह महज 11 रन बनाकर से पूरी दिल्ली टीम का टॉप आर्डर फ्लॉप रहा। अंत में शिखा पांडे और राधा यादव के बीच अर्धशतकीय साझेदारी से टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचा। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस की तरफ से नेट सीवर ब्रंट की नाबाद अर्धशतकीय पारी कमाल की रही। उन्होंने 55 गेंदों पर 60 रन बनाए, जिसमें कुल 7 चौके शामिल रहे। वहीं, कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 39 गेंदों पर 37 रन बनाए। इस तरह से मुंबई टीम ने 7 विकेट से जीत हासिल की।

# बीसीसीआई की अपील का हुआ फायदा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इंदौर के होल्कर क्रिकेट स्टेडियम में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (छ्ण्) ने हाल ही में पिच की खराब रेटिंग में बदलाव किया। आईसीसी ने माना है कि पिच खराब नहीं थी। यह औसत से कम थी। ऐसे खत्म हो जाने को लेकर पिच की रेटिंग में आईसीसी ने 'इ्ददे' से बिलो एवरेज में बदल दिया बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच कर पाए। टीम की तरफ से चेतेश्वर पुजारा ने 59 रनों की पारी खेली, जो कि सबसे ज्यादा रन रहे। वहीं, दूसरी पारी में



का तीसरा मुकाबला खेला गया था। यह मुकाबला तीन दिन के अंदर ही खत्म हो गया था, जहां ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से शानदार जीत मिली थी। इस मैच के बाद इंदौर की पिच को लेकर बवाल मचा था। इस पिच को खराब करार देते हुए मैच रेफरी ने इसे तीन नकारात्मक अंक दिए थे, जिसके खिलाफ बीसीसीआई ने अपील की थी। इसी कड़ी में अब आईसीसी में तीन नकारात्मक अंक हटाते हुए अब सिर्फ एक रह गया है।दरअसल, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच में इंदौर की पिच को लेकर काफी विवाद खड़ा हुआ था। हाल ही में आईसीसी ने एक ट्वीट शेयर कर मैच रेफरी द्वारा पिच को लेकर दिए खराब रेटिंग में बदलाव किया है। तीन दिन के अंदर तीसरा टेस्ट में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। भारतीय टीम पहली पारी में महज 33.2 ओवर में 109 रन बनाकर ऑलआउट हुई थी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में उस्मान ख्वाजा की अर्धशतकीय पारी के चलते मैच में बढ़त बनाई इसके बाद दूसरी पारी में भी भारतीय टीम के बल्लेबाज कुछ खास प्रदर्शन नहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन की अर्धशतकीय साझेदारी से तीन दिन के अंदर ही खत्म कर 9 विकेट से जीत हासिल की इंदौर की पिच पर स्पिनर्स का बोलबाला रहा। पहले दिन के खेल में कुल 14 विकेट गिरे। वहीं, तीसरे टेस्ट मैच में कुल 31 विकेट में से 26 विकेट्स स्पिनर्स के नाम रहे।

# राशिफल

**मेष-:**तली-भुनी चीजों से दूर रहें और नियमित व्यायाम करते रहें. घरेलू सुख-सुविधा की चीज़ों पर ज़रूरत से ज़्यादा खर्च़ न करें। पिता का तल्ख बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है।

**वृष-:**जीवन की सभी कठिन परिस्थितियों में आपको अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा. जो लोग प्रेम के मोर्चे पर मायूस महसूस कर रहे हैं।

**मिथुन-:**क्षणिक क्रोध विवाद और दुर्भावना का कारण बन सकता है. मनोरंजन और सौन्दर्य वृद्धि पर आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत न करें।

**कर्क-:**आज सभी ग्रह और सितारे आपके पक्ष में हैं, आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी. आज के दिन यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह-:**आपकी इच्छा शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत उलझी हुई परिस्थितियों से निकलने में क़ामयाब रहेंगे. भावनात्मक फैसले लेते समय अपनी तार्किकता को न छोड़ें।

**कन्या-:**प्रेम के मामले में सफलता मिलेगी. नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ रहेगा। आज अपने प्रिय के साथ अपनी व्यक्तिगत भावनाओं और गोपनीय मामलों को साझा करने का सही समय है।

**तुला-:** जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, बेहतर होगा आप उन्हें नजरंदाज करें. पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और आप अपनी योजनाओं को पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद कर सकते हैं।

**वृश्चिक-:**छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

**धनु-:**इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक रोग का रूप लें, आपको उन्हें समाप्त कर देना चाहिए. आप किसी परोपकारी कार्य में हिस्सा लेकर ऐसा कर सकते हैं।

**मकर-:**लंबे समय से चली आ रही दिक्कतों से आज आपको छुटकारा मिल सकता है. आगे बढ़ने के बजाय अपने सभी आगामी कार्यों को पूरा करना ही समझदारी होगी।

**कुंभ-:**भावनात्मक रूप से बहुत अच्छा दिन नहीं रहेगा. आर्थिक समस्याओं के कारण आपको आलोचना और वाद-विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन-:**आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जिसका असर आपके आसपास के लोगों पर भी पड़ेगा. खुद के काम से समय निकालकर परिवार के साथ अधिक समय बिताना संभव नहीं होगा।





# सम्पादकीय

## एक साथ चुनाव का उपयोगी विचार, इससे बार-बार चुनाव के बोझ से मुक्ति मिलने के साथ ही बेहतर शासन भी होगा सुनिश्चित

केंद्र सरकार ने लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाने की बात फिर से छेड़ी है। उसने कहा कि यदि सभी राजनीतिक दल इस पर सहमत हों तो यह संभव हो सकता है। कुछ दिन पहले लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरण रिजिजू ने इस प्रस्ताव पर विस्तार से बताया कि एक साथ चुनाव कराने से न केवल सरकारी खजाने को भारी बचत होगी, बल्कि राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों का व्यय भी घटेगा। इससे बार-बार होने वाले चुनावों के कारण लागू आदर्श आचार संहिता के चलते रुकने वाली विकास परियोजनाएं भी प्रभावित नहीं होंगी। हालांकि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी दलों और राज्य सरकारों को एक साझा मंच पर आकर कोई युक्ति निकालनी होगी। साथ ही संविधान एवं चुनावी कानूनों में भी कुछ संशोधन करने होंगे। सरकार ने विधि आयोग से इस मुद्दे की मीमांसा करने का अनुरोध किया है। आयोग 1999 में पहले ही इसके पक्ष में सहमति व्यक्त कर चुका है। भले ही विधि आयोग की प्रतिक्रिया की नए सिर से प्रतीक्षा हो, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि राष्ट्रहित में एक साथ चुनाव का निर्णय विचारणीय अवश्य है। कम से कम इसके तीन प्रमुख कारण हैं। सबसे पहले तो हर साल देश में कहीं न कहीं होने वाली चुनावी चकल्लस से मुक्ति मिलेगी। दूसरा, चुनावों के चलते विकास कार्य बार-बार नहीं रुकेंगे। तीसरा, इससे चुनावी खर्च घटने के साथ ही चुनावों में काले धन का प्रभाव भी कम होगा। स्वतंत्रता के उपरांत देश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव प्रत्येक पांच वर्ष के अंतराल पर एक साथ होते रहे। वर्ष 1952 में शुरू हुआ यह सिलसिला 1957, 1962 और 1967 तक चलता रहा। कालांतर में केंद्र की कांग्रेस सरकार ने राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए मनमाने ढंग से अनुच्छेद 356 का उपयोग किया और अपनी सुविधा से ही हटाया। इससे कुछ राज्यों में विधानसभा चुनावों का चक्र बिगड़ गया। हालांकि, एक साथ चुनाव कराने के मामले में पूर्ण गतिरोध 1971 में आया, जब इंदिरा गांधी ने कांग्रेस में विभाजन के बाद नया जनादेश प्राप्त करने के लिए चुनाव का निर्णय किया। उस चुनाव में इंदिरा गांधी की भारी जीत हुई और विधानसभा चुनाव 1972 में हुए। उसके बाद से कभी दोनों चुनाव एक साथ नहीं हो सके। एक साथ चुनाव का विचार फिर से चर्चा के केंद्र में है। गवर्नेंस का स्तर सुधारने और देश को बार-बार चुनावी चक्र से मुक्ति दिलाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी आवश्यकता को रेखांकित किया है। इस विचार ने 2017 में फिर से रफ्तार पकड़ी, जब चुनाव आयोग ने कहा कि उसके पास एक साथ चुनाव कराने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा एवं संसाधन उपलब्ध हैं। लोकसभा और विधानसभा चुनाव किस प्रकार गवर्नेंस को प्रभावित करते हैं, इसका एक उदाहरण देखा जा सकता है। कर्नाटक में 1983 के विधानसभा चुनाव में रामकृष्ण हेगड़े के नेतृत्व में जनता पार्टी-कर्नाटक क्रांति रंगा गठबंधन ने कांग्रेस को परास्त कर सत्ता हासिल की। उसके अगले साल इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन को हरा दिया। हेगड़े ने उस परिणाम को अपनी पार्टी के विरुद्ध जनादेश के रूप में लेकर राज्यपाल से नए चुनाव कराने को कहा। विधानसभा के लिए चुनाव सात महीने बाद हुए, लेकिन इस दौरान राजनीतिक अस्थिरता रही, जिससे शासन-संचालन प्रभावित हुआ। देश में ऐसे तमाम उदाहरण हैं, जहां लोकसभा में जनादेश विपरीत आने पर राज्य में सत्तारूढ़ दल स्वयं को लेकर अनिश्चित एवं अस्थिर हुआ हो जाता है। इससे शासन में गतिरोध की स्थिति उत्पन्न होती है। विधि आयोग ने 1999 में अपनी 170 पन्नों की रपट में इस मुद्दे की गहनता से पड़ताल की और पुरजोर तरीके से एक साथ चुनाव कराए जाने की पैरवी की। हालांकि उसने यह भी स्वीकार किया कि विभिन्न विधानसभाओं के कार्यकाल चक्र को देखते हुए इसे एकाएक अमल में नहीं लाया जा सकता। उसने उन सभी विधानसभा चुनावों को एक साथ जोड़ने का सुझाव दिया, जो अगले 12 महीनों में प्रस्तावित हों। आयोग ने कहा कि यदि सभी राजनीतिक दल सहयोग करें तो ऐसे आवश्यक कदम उठाए जा सकते हैं, जिसमें किसी पार्टी के हितों पर आघात न हो। आयोग ने यहां तक कहा कि यदि चुनावों को एक गुच्छे में कराने के लिहाज से आवश्यक पड़े तो कुछ राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल में करीब छह महीनों के समायोजन का संविधान संशोधन भी कराया जा सकता है। जब इस आशय का प्रस्ताव पहली बार चर्चा में आया तो कुछ हलकों में उस पर भारी हंगामा हुआ।

# कार्यस्थल में अच्छे संचार की शक्ति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
संचार कार्यस्थल का प्रमुख महत्वपूर्ण हिस्सा है । आज मंगलमय इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में कौशकी सोंधी असिस्टेंट प्रोफेसर और स्टूडेंट काउंसलर हैं। पूर्व प्राचार्य होने के नाते, नीति आयोग, इंटरसेल, भरत विश्वविद्यालय में सलाहकार बोर्ड और श्री वेंकटेश्वर इंजीनियरिंग कॉलेज, नरनारायण शास्त्री प्रौद्योगिकी संस्थान में सलाहकार,द ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल फरमाना, श्री स्वामीनारायण गुरुकुल ज्ञानबाग और कई अन्य संस्थान कार्यस्थल पर संचार कौशल के महत्व पर अपनी विशेषज्ञता और विचार साझा करेंगे। व्यवसाय में आपके काम में न केवल मौखिक बल्कि गैर-मौखिक संचार भी शामिल है ताकि आप खुद को उल्लेखनीय बना सकें। अपने संचार कौशल को कैसे प्रस्तुत किया जाए, यह जानने की युक्ति आपको कार्यस्थल पर राज करने के लिए प्रेरित करती है। कहां क्या कहना है, कैसे कहना है, कब कहना है, कितना कहना है, यह जानने से वह भविष्य के अवसरों का पता लगाता है और गपशप या ऐसे किसी भी तरीके से कार्यस्थल के भीतर प्रतिकूल राजनीति से उत्पन्न होने वाले खतरों को दूर करता है। एक अच्छा कम्युनिकेशन स्किल आपको साथियों के बीच संवादात्मक और आकर्षक बनाता है। बिना किसी शोर-शराबे और बाधाओं के अपने विचारों को व्यक्त करने की आपकी क्षमता आपको सुखद व्यक्तित्व बनाती है। संप्रेषण केवल मौखिक ही नहीं बल्कि इशारों, पोस्टरों, हाव-भाव और चेहरे के भावों के रूप में भी अशाब्दिक होता है। ये सभी मिलकर एक सुखद व्यक्तित्व को दूसरों के बीच एक महत्वपूर्ण स्थान पर कब्जा करने में मदद करते हैं। आजकल कार्यस्थल पर अपने कौशल को साबित करने के लिए एक अच्छा प्रस्तुतकर्ता होने की बहुत आवश्यकता है, केवल शिक्षा और डिग्री आपको तैयार करने में मदद नहीं कर सकती हैं, संचार कौशल के रूप में सॉफ्ट स्किल्स की आवश्यकता होती है, चाहे मौखिक हो या गैर-मौखिक या किनेसिक के साथ-साथ पैरालिंग्विस्टिक विशेषताएं आपके ऊपर पकड़ रखती हैं। भाषण। आजकल कार्यस्थल पर अपने कौशल को साबित करने के लिए एक अच्छा प्रस्तुतकर्ता होने की बहुत आवश्यकता है, केवल शिक्षा और डिग्री आपको तैयार करने में मदद नहीं कर सकती हैं, संचार कौशल के रूप में सॉफ्ट स्किल्स की आवश्यकता होती है, जहां मौखिक संचार के साथ-साथ गैर-मौखिक संचार या पैरालिंग्विस्टिक सुविधाओं के साथ काइनेसिक्स बनाता है। आपने अपने भाषण वितरण पर पकड़ बना ली है और अपने व्यक्तित्व को एक घटना बना लेते हैं आजकल सभी कंपनियां और संगठन स्पीच डिलीवरी पर शानदार प्रेजेंटेशन वाले कर्मचारियों की तलाश में हैं। लोग आपको गंभीरता से लेते हैं, आपका सम्मान करते हैं और आपसे जुड़ना चाहते हैं और आपसे संपर्क करना चाहते हैं क्योंकि वे आपको विश्वसनीय और सुसंस्कृत व्यक्ति पाते हैं। कम उम्र से ही नियमित अभ्यास और प्रदर्शन के दबाव से मुक्त होकर बोलने की कला विकसित की जा सकती है। लेकिन आजकल कई कर्मचारियों को अच्छे संचार कौशल के आवश्यक मानदंडों के अनुसार तैयार नहीं किया जाता है, जो विभिन्न कारणों से हो सकता है, लेकिन अब सवाल यह है कि वे खुद को कैसे फिट बना सकते हैं। नियमित ग्रूमिंग कोर्स उनके व्यक्तित्व में चार चांद लगा सकते हैं, नियमित अंग्रेजी शब्दों के चुने हुए 1000 शब्दों के साथ-साथ उनके दृष्टिकोण का ख्याल रख सकते हैं, जिन्हें समय-समय पर उनका उपयोग करके और जब भी संभव हो पढ़ने की आदत डालकर बढ़ाया जा सकता है। वे मैत्रीपूर्ण चर्चाओं के दौरान किसी भी बहस में भाग ले सकते हैं ताकि वहां उपस्थिति महसूस हो सके और आवश्यकता पड़ने पर पेशेवर पैमानों पर बेतरतीब ढंग से खुद को साबित कर सकें। साथ ही सबटाइटल फिल्में देखने से उन्हें मौखिक प्रवाह के लिए उच्चारण उच्चारण और उच्चारण को समझने में मदद मिल सकती है और साथ ही एक ही समय में गैर-मौखिक बातचीत कैसे करें। अपने संचार कौशल में सुधार करने से कार्यस्थल पर आपकी सफलता की संभावना बढ़ जाती है।



## कठिन होता संसदीय गतिरोध का हल, अब सत्तापक्ष विपक्ष में सेतु बनने वाले नेता भी हैं नदारद

भारत को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की प्रतिष्ठा प्राप्त है, किंतु कुछ हालिया घटनाक्रम इस ख्याति पर ग्रहण लगाते दिख रहे हैं। यह घटनाक्रम संसदीय गतिरोध से जुड़ा है, जिसके हाल-फिलहाल दूर होने के कोई आसार नहीं दिखते। सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष अपने-अपने रवैये पर अड़े हुए हैं और समय के साथ बढ़ रही राजनीतिक कड़वाहट इस स्थिति को और भी जटिल बना रही है। बजट सत्र की शुरुआत से ही जहां कांग्रेस के नेतृत्व में भाजपा विरोधी दल अदाणी मामले में संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी गठित करने की मांग को लेकर दबाव बनाने में लगे थे, वहीं सत्तापक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान पर माफी की मांग कर रहा था। चूंकि अदाणी मामले में उच्चतम न्यायालय ने एक विशेषज्ञ समिति गठित कर दी थी तो जेपीसी की मांग का कोई खास औचित्य नहीं रह गया था। इसी



प्रकार राहुल के बयान को लेकर भी कोई बीच का रास्ता निकाला जा सकता था। सत्ता में होने के नाते संसद को सुचारु रूप से चलाने की जिम्मेदारी सरकार की अधिक है तो वह भी अपना रवैया कुछ नरम करती तो कोई बात बन सकती थी। इस बीच मानहानि के मामले में राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त होने से बात बनने की सभी संभावनाएं और बिगड़ गई हैं। संसदीय लोकतंत्र के संदर्भ में यह हालिया घटनाक्रम लक्षण मात्र है और इस बीमारी की जड़ें खासी पुरानी हैं।पिछले कुछ समय से संसदीय गतिरोध की समस्या बहुत सामान्य हो गई है। सदन में हंगामा बेहद आम हो गया है। सदन के भीतर हंगामे की तस्वीरें शर्मसार करने वाली होती हैं। यह सिलसिला अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के दौरान विपक्षी दलों के रवैये से शुरू हुआ, जिसे संप्रग सरकार के समय विपक्ष में रही भाजपा ने और आगे बढ़ाया, जो वर्तमान में पानी सिर से ऊपर गुजर जाने वाली स्थिति में पहुंच गया है।

# 20 घंटे का सफर और एसटीएफ का काफिला, के साथ आया अतीक और अब उम्रकैद की जेल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** उत्तर प्रदेश में माफिया से नेता बने अतीक अहमद को गुजरात की साबरमती जेल से यूपी लाया जा रहा है। यूपी एसटीएफ और प्रयागराज पुलिस का काफिला गैंगस्टर अतीक को रविवार शाम साबरमती केंद्रीय जेल से चला था। 1271 किमी का सफर तय करने में काफिले को करीब 23 घंटे लगेंगे। लिहाजा काफिला नाबाद चल रहा ह यूपी कोर्ट के आदेश के मुताबिक,



अपहरण के एक मामले में 28 मार्च को फैसला सुनाया जाएगा। कोर्ट की ओर से इस मामले में अतीक अहमद समेत सभी आरोपियों को इस दिन अदालत में पेश करने का निर्देश दिया गया है अतीक अहमद को साबरमती से ला रही यूपी एसटीएफ और प्रयागराज पुलिस ने करीब 1000 किमी का सफर पूरा कर लिया है। यानी 20 घंटे का सफर तय करते हुए काफिला यूपी के बांदा जिला पहुंच गया है। शाम को 5 बजे के आसपास अतीक के प्रयागराज पहुंचने की संभावना है। वहीं उत्तर प्रदेश के जेल मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि प्रयागराज जेल में पूरे इंतजाम किए गए है। कोई गाड़ी नहीं पलटेगी। प्रयागराज जेल की बढ़ाई गई सुरक्षा, दोनों भाई यहीं रहेंग उत्तर प्रदेश की प्रयागराज जेल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार प्रयागराज के एसीपी एएस चौहान ने बताया कि जेल का निरीक्षण किया जा रहा है। जेल अधीक्षक भी यहां मौजूद हैं। बता दें कि गुजरात की साबरमती जेल से अतीक अहमद और बरेली जेल से अतीक के भाई अशरफ को प्रयागराज लेकर आया जा रहा है झांसी पुलिस लाइन से अतीक को लेकर निकली पुलिस और एसटीएफ‌ऋऋ् माफिया अतीक को लेकर जा रहा पुलिस का काफिला झांसी पुलिस लाइन से प्रयागराज के लिए रवाना हो गया है। स्थानीय रिपोर्ट के मुताबिक यूपी एसटीएफ और प्रयागराज पुलिस अतीक को लेकर सुबह 8:48 बजे झांसी पहुंची थी। यहां करीब दो घंटे तक काफिले में शामिल लोगों ने आराम किया। इसके बाद 10:45 बजे पुलिस का काफिला प्रयागराज के लिए रवाना हो गया रक्शा बॉर्डर से झांसी में की एंट्रा उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के रक्शा बॉर्डर से झांसी में एंट्री लेने के बाद गैंगस्टर अतीक अहमद को झांसी पुलिस लाइन में ठहराया गया है। बताया गया पुलिस लाइन परिसर में किसी को भी आने की अनुमति नहीं है। मीडिया को भी बाहर रोक दिया गया है। अतीक की बहन भी चल रही काफिले के साथ साबरमती जेल से प्रयागराज लाए जा रहे अतीक अहमद के साथ उसके परिवार की महिलाएं भी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस के काफिले के साथ अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी अपनी गाड़ी से साथ चल रही हैं। उन्होंने मिडिया से कहा कि अतीक की सुरक्षा के लिए चिंति हैं। गाय से टकराई अतीक की गाड़ मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले की सीमा में प्रवेश करते समय अतीक अहमद को ला रहा पुलिस का काफिला सड़क पर अचानक आई एक गाय से टकरा गया। बताया गया है कि गाय उसी गाड़ी से टकराई थी, जिसमें अतीक अहमद बैठा था। हादसे में गाय की मौत हो गई है। अतीक की गाड़ी सुरक्षित है। मध्य प्रदेश के शिवपुरी और झांसी के बीच है काफिला स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार माफिया अतीक अहमद को प्रयागराज ला रही पुलिस का काफिला मध्य प्रदेश के शिवपुरी और उत्तर प्रदेश के झांसी के बीच में है। एक अनुमान के मुताबिक करीब 9.30 ये काफी झांसी पहुंचेगा। झांसी पुलिस ने भी चौकसी बढ़ा दी है। अतीक को लेकर गुजरने वाले संभावित रास्तों पर सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं। शिवपुरी में कुछ देर के लिए रुके समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक उदयपुर के बाद प्रयागराज पुलिस का काफिला मध्य प्रदेश के शिवपुरी में रुका था। यहां कुछ देर रुकने के बाद अतीक को लेकर फिर से प्रयागराज के लिए रवाना हुए। एएनआई की ओर से इसकी कुछ तस्वीरें भी जारी की गई हैं। अतीक को भी बाहर निकाला गया। साबरमती से चल कर उदयपुर में रुके थे गुजरात की साबरमती जेल से गैंगस्टर अतीक अहमद को लेकर निकला प्रयागराज पुलिस का काफिला राजस्थान में एंट्री के बाद उदयपुर में कुछ देर के लिए रुका। इसके बाद प्रयागराज पुलिस और यूपी एसटीएफ उसे लेकर झांसी के लिए रवाना हुए हैं। बताया गया है कि कुछ घंटे बाद पुलिस का काफिला उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश कर जाएगा। साथ ही जेल की सुरक्षा व्यवस्था और अतीक की निगरानी के लिए भी पुख्ता तैयारी की गई है। बता दें कि अतीक अहमद प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड का आरोपी है 1271 किमी का है साबरमती से प्रयागराज का सफर जानकारी के मुताबिक यूपी पुलिस कुछ ही देर में गैंगस्टर अतीक अहमद को साबरमती जेल से लेकर निकलेगी। सड़क मार्ग से करीब 24 घंटे में 1271 किमी का सफर तय करते हुए पुलिस यूपी के प्रयागराज पहुंचेगी। बताया गया है कि यूपी पुलिस की 45 सदस्यीय टीम साबरमती जेल पहुंची है। इस टीम में एक घ्ज्ञए अधिकारी, 3 डीएसपी और 40 पुलिसकर्मी शामिल हैं। काफिले में छह गाड़ियां शामिल हैं। यूपी की इस जेल में रहेगा अतीक अहमदऋऋ् समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक अतीक अहमद को गुजरात की साबरमती जेल से यूपी शिफ्ट करने पर डीजी (जेल) आनंद कुमार ने बताया कि माफिया से नेता बने गैंगस्टर अतीक अहमद को प्रयागराज की जेल में हाई-सिक्योरिटी बैरक में आइसोलेशन में रखा जाएगा। उसके सेल में भी सीसीटीवी कैमरा होगा। कैमरों से 24 घंटे होगी निगरानी इसके अलावा जेल कर्मचारियों को अपने रिकॉर्ड के आधार पर चुना गया है। इसके बाद उन्हें तैनाती दी जाएगी। अतीक की सेल के आसपास सभी सुरक्षा कर्मियों के पास बॉडी वियर कैमरे होंगे। प्रयागराज जेल कार्यालय और जेल मुख्यालय वीडियो वॉल के माध्यम से चौबीसों घंटे अतीक पर निगरानी करेगा।

# सरकार के संरक्षण में बिजली विभाग हद पार ना करे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
मैहर। बिजली विभाग की कार्यशैली से उपभोक्ताओं को हो रही समस्याओं के अति शीघ्र निराकरण हेतु जिला कांग्रेस कमेटी सतना के निर्देशन पर ब्लॉक कंग्रेस कमेटी मैहर ने प्रदेश महासचिव धर्मेश घई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी दद्दा सहित कई वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में कार्यपालन अभियंता कार्यालय के समक्ष धरना दिया एवं 12 सूत्रीय ज्ञापन देकर समस्याओं के प्रभावी निराकरण की मांग की।ज्ञापन में बिजली बिलों के सुधार बिल वसूली में की जा रही अभद्रता को रोकने सहायता हेतु जारी किए गए सम्पर्क नंबरों को चालू करने संविदा कर्मचारियों के नियमितिकरण मेंटिनेंस के नाम पर विद्युत आपूर्ति बाधित रखने जैसे 12 बिंदुवार विषयों के सम्बद्ध में ध्यानाकृष्ट कराते हुए इनके त्वरित निराकरण की मांग की है ।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी दद्दा ने बिजली विभाग की कार्यशैली पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उपभोक्ताओं को परेशान करने की नीति को तत्काल बन्द करने को नसीहत दी। शिवराज सरकार के संरक्षण में बिजली विभाग हद पार ना करे उपभोक्ताओं को बिजली कंपनी मनमाने बिजली बिल थमा रही है। ऐसे में अधिक बिल आने पर उपभोक्ता उसमें सुधार के लिए कंपनी कार्यालय पहुंच रहे हैं। यहां लंबी लाइनें लग रही है। लाइन में लगने के बाद भी उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में सुधार एक औपचारिकता ही दिखाई दे रही है। इससे उपभोक्ता परेशान होकर कंपनी कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं। सुबह 10 बजे से ही बिजली कंपनी कार्यालय में आम लोगों की कतारें लगी हुई प्रतिदिन




देखी जा सकती है। सभी लोग बिल लेकर इधर-उधर भटक रहे थे। उन्होंने कहा कि हर सीजन में किसानों से अस्थाई कनेक्शन के नाम पर पैसे लिए जाते है पर अस्थाई कनेक्शन प्रदान नहीं किया जाता जोकि गंभीर विषय है यह सारा पैसा किसकी जेब मे जाता है उदाहरण स्वरूप हिनौता कला के पचासों किसानों से पैसा लिया गया परन्तु कनेक्शन प्रदान नहीं किया गया।मेंटिनेंस के नाम पर दिन दिन भर विद्युत आपूर्ति बन्द रखना कहा का न्याय है।हिनौता कला के बसंत लाल सेन के 1 माह के डोमेस्टिक बिल 54519 रुपए का जिक्र करते हुए उन्होंने इसे घोर लापरवाही बताया।तथा इस तरह की समस्या ओं को ठीक करने को बात की। प्रदेश महासचिव देवदत्त सोनी ने बिजली विभाग के समस्याओं के निदान हेतु सरकार का ट्रांसफार्मर बदलने की बात कही मध्य प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष घर्मेश घई ने अपने उद्बोधन में कहा कि महंगाई से त्रस्त एक साधारण परिवार बडी मात्रा में भेजे जा रहे बिजली बिलों को भर पाने में असमर्थता का अनुभव करता है अतः विभाग को भी इस संबद्ध में मानवीय व्यवहार को अपनाना चाहिए। इतनी बुरी स्थिति विद्युत उपभोक्ताओं के रूप में आम जनता की कभी भी नहीं हुई है इन्हें अपने बिलो के बारे मे कोई जानकारी नहीं दी जा रही है भारी-भरकम बिल भेजे जा रहे हैं जो उपभोक्ता आवेदन भी लिखना नही जानता वे लोग आवेदन लिखवाने के लिए भटक रहे है साधारण गरीब अनपढ़ मजदूर किसान सब परेशान यह नजारा प्रतिदिन देखा जा सकता है। कुछ लोगों के बिल में संशोधन किया गया है। जबकि कुछ लोगों को ये कहा जा रहा था कि आपके रीडिंग बिल है। उसे तो हर हालत मे भरना ही पड़ेगा। ऐसे में उन मजदूर गरीब और मध्यमवर्गीय लोगों के सामने संकट खड़ा हो गया है। जिनको रीडिंग बिल के नाम पर 4 से 5 हज़ार रुपए के बिल थमा दिए गए हैं। अब जब उनके सामने घर परिवार का खर्च वहन करने का संकट है और उनकी जेब में इतने पैसा तक नहीं है। वे लोग 4 से 5 हजार रुपए के बिजली बिल कैसे भरेंगे सत्ता भारतीय जनता पार्टी के लिए अवसर की तरह होती जा रही है जनता सब जान रही है समय का इंतजार करो शिवराज आप पर लगाम यही जनता लगा पायेगी धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी दद्दा तथा प्रदेश महासचिव धर्मेश गई देवदत्त सोनी वरिष्ठ वयोवृद्ध कांग्रेस नेता रमापति गौतम नागेंद्र नाथ बढ़गईया चंद्रकांत चौरसिया कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश प्रजापति राज बाबू सिंह मंडलम अध्यक्ष राम सिंह बुंदेला देवेंद्र अग्रवाल मूनि चौरसिया सतीश शुक्ला बद्री कुशवाहा युवक कांग्रेस से मिंटू सिंह शिवम पांडे सौरभ केसरी सुनील कोरी मुकेश सेन सुरेश कोरी कुलदीपक पाठक अच्छेलाल दहिया रिंकू बढ़गईया हरबंस तिवारी नसीब खान जानू मास्टर इमरान एवं सैकड़ों विद्युत उपभोक्ता जो विभाग से परेशान है उपस्थित रहे एवं सफल संचालन रामप्रकाश गुप्ता के द्वारा किया

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी की रद्द हुई सदस्यता को लेकर ब्लाक कांग्रेस ब्योहारी ने किया विरोध प्रदर्शन

**ब्योहारी।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व केरल( वायनाड) से लोकसभा सांसद राहुल गांधी की असंवैधानिक तरीके से रद्द की गई सदस्यता के विरोध में 26 मार्च रविवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता के मार्गदर्शन में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया गया प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने भाजपा की जनविरोधी नीतियों व तनाशाही के विरुद्ध आक्रोशित होकर प्रदर्शन किया दोपहर 3 बजे स्थानीय हनुमान मंदिर ब्योहारी के पास एकत्र हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को लेकर मौन प्रदर्शन किया व नगर में पैदल मार्च निकालकर व मुंह में ताला लगाकर एवं हाथों में राहुल गांधी के डरो मत पोस्टरों को लेकर नगर भ्रमण पर निकले कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा की तानाशाही पर जमकर हल्ला बोल किया एवं बनसूकली चौराहे पर बीच रास्ते में धरने पर बैठ कर विरोध दर्ज किया एवं नगर भ्रमण करते हुए थाना ब्योहारी में जाकर गिरफ्तारी दी गई प्रदर्शन का का नेतृत्व कर रहे ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी के अध्यक्ष विनोद ताम्रकार ने बताया कि जिस प्रकार देश में अपने दो मित्रों को बचाने के लिए भाजपा हर पैतरा अपना रही है आखिर इस रिस्ते का क्या नाम है मोदी जी अडानी की यारी में देश से गद्दारी का यह सिलसिला आपकों ले डुबेगा राहुल गांधी जी के अडानी पर दिए गए पुख्ता सबूतों से डरी भाजपा ने आनन फानन में सदस्यता रद्द करने की जो तानाशाही अपनाई है व भाजपा के अंत का कारण बनेगी इसी कड़ी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधीर पांडे ने अपने उद्बोधन में भाजपा पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि जनता देखेगी लोकतंत्र के साथ हुए इस अत्याचार को जनता देखेगी संविधान को ताक पर रखकर देश को अंधेरे में ढकेलते कुकर्म को जनता लेगी हिसाब देश को बेचने का व चंद लोगों के पास गिरवी रखने का प्रदर्शन के दौरान उपस्थित कांग्रेसजनो ने अपने अपने उद्बोधन में भाजपा की हिटलरशाही पर आक्रोशित होकर विरोध दर्ज किया प्रदर्शन में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस जनों व कार्यकर्ताओं ने आक्रोशित ।

# आम आदमी पार्टी विधानसभा मैहर के ग्राम बंसीपुर में किसानों को भूमि पट्टा देने के लिए जिला कलेक्टर सतना के नाम से दिया ज्ञापन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** आम आदमी पार्टी विधानसभा क्षेत्र मैहर के तत्वाधान में मैहर के विधानसभा क्षेत्र मैहर से पूर्व विधानसभा प्रभारी गणेश चतुर्वेदी, विष्णुनाथ पांडेय, बबलू साहू, सुरेन्द्र आराजी बंजर वह सरकारी पड़ी है उसे हम कोशिश करेंगे कि यह आराजी भूमिहीन किसान जो हरिजन



ग्राम पंचायत बंसीपुर नई बस्ती से जुड़े हुए हरिजन आदिवासियों द्वारा करीब 100 हेक्टेयर आराजी पर सैकड़ों हरिजन आदिवासी बंजर जमीन को अपने खून पसीने से सीच कर उसे उपजाऊ जमीन बनाया वह उस जमीन को राजस्व द्वारा राजस्व के कागजात पर बंजर दिखाई जा रही है जिन किसानों ने अपने खून पसीने से उस बंजर जमीन को उपजाऊ बनाया है उस जमीन का पट्टा भू एक्ट अधिनियम के तहत हरिजन आदिवासियों को दिलाने के लिए आम आदमी पार्टी सोनी, बैजनाथ कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा, रामाशीष कुशवाहा, सैयद सलाउद्दीन उर्फ बबलू, नितिन पटेल, राजभान पटेल, काशी साकेत सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने घंटाघर चौराहा मैहर से पैदल मार्च करते हुए एसडीएम कार्यालय मैहर पहुंचकर एसडीएम कार्यालय मैहर में जिला कलेक्टर सतना के नाम से ज्ञापन तहसीलदार मैहर श्री मानवेंद्र सिंह जी को ज्ञापित किया साथ ही मैहर तहसीलदार मानवेंद्र सिंह जी द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि इस विषय में जो सैकड़ों हेक्टेयर आदिवासी वहां पर खेती कर रहे हैं उन्हें जरूर मिले। साथ ही आम आदमी पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रभारी गणेश चतुर्वेदी जी ने स्पष्ट शब्दों में शासन को कहा कि अगर 1 माह के भीतर किसानों को उनका पता नहीं मिलता तो हमारी आम आदमी पार्टी उग्र आंदोलन वह भूख हड़ताल भी करेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी ज्ञापन देने के बाद आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ता जय हिंद भारत माता के नारे लगाते हुए पैदल मार्च को विराम दिया। भारत माता की जय।

# जी एल बजाज में एक दिवसीय एलुमनाई टाक का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** जीएल बजाज कॉलेज के पीजीडीएम विभाग में सोशल मीडिया प्रबंधन की बदलती गतिशीलता पर एक दिवसीय एलुमनाई टॉक का आयोजन किया गया। इस वार्ता का मुख्य उद्देश्य प्रथम वर्ष के छात्रों को प्रभावी मार्केटिंग के लिए सोशल मीडिया




प्रबंधन के मूल सिद्धांतों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के पूर्व छात्र रवि रंजन ने मुख्य वक्त के रूप में भाग लेकर छात्रों को संबोधित किया। रवि रंजन ने अपने वक्तव्य में सोसियल मीडिया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के आधुनिक और डिजिटल युग में सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म के बीच ट्विटर की सबसे शक्तिशाली पहुंच है। भारत के माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले एशियाई होना इसका उद्दाहरण है। उन्होंने कहा कि ट्विटर स्पेस सबसे अधिक क्रिकेट समाचार, बॉलीवुड समाचार और फिर राजनीतिक समाचारों को ट्रेंड करता है। इंस्टाग्राम का दुनिया भर में बहुत अधिक उपयोग है यहां तक कि सेलेब्रिटीज को भी उनकी पोस्ट के लिए पैसे दिए जाते हैं। हैशटैग का प्रभाव अविश्वसनीय है क्योंकि यह बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचने में मदद करता है। 2014 के चुनाव का उद्दाहरण देते हुए उन्होनें कहा कि दक्षिणपंथी पार्टियों ने राजनीतिक अभियान के लिए सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया था। उन्होंने वीडियो क्लिप के माध्यम से सभी मुद्दों को उठाया। अंत में छात्रों ने वक्ता से सोसियल मीडिया से जुड़े सवालों को पूछकर अपनी जिज्ञासा को पूरा किया। जीएल बजाज समूह के वाइस चेयरमैन डॉ0 पंकज अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। पीजीडीएम विभाग की निदेशक डॉ0 सपना राकेश ने वक्ता रवि रंजन को धन्यवाद देते हुए कहा कि एलुमनाई किसी भी आर्गेनाईजेशन की बैक बोन होती। इस दौरान डॉ0 अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ0 प्राची अग्रवाल , डॉ0 सुरभि सिंह, डॉ0 सुनीता चौधरी और डॉ0 अरविंद कुमार भट्ट विशेष रूप से मौजूद रहे।

# मैहर की सुंदरता बढ़ाने के चक्कर में पर्यावरण को स्वच्छ रखने वाले पेड़ों की दी जा रही आहुति



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** मां शारदा के चरणों में हजारों की संख्या में दर्शनार्थी माथा टेकने पहुंचते हैं, नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी मां शारदा के चरणों में आ रहे दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो और सुंदर मेहर स्वच्छ मेहर दिखे उस तर्ज को लेकर, कन्या शाला विद्यालय के सामने नवनिर्मित फुहारे का निर्माण कराया गया है लेकिन दूरदराज से आ रहे दर्शनार्थी एवं मैहर वासियों को विकास कार्य नहीं दिख रहा था उस विकास कार्य को दिखाने के चक्कर में हरे भरे पेड़ की बलि चढ़ा दी गई एक तरफ मध्यप्रदेश सरकार करोड़ों रु खर्च करके मनरेगा के तहत प्लांटेशन करा रही है दूसरी ओर नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारियों ने कर्मचारियों को हरे भरे पेड़ को काटने का आदेश दे दिया।

# सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष के साथ श्रीमद्भागवत कथा का विराम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सेक्टर 82 स्थित स्वर्णिम विहार में आरडबल्यूए द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास डॉक्टर निधि तेलंग ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते । गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते । उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान



लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को काट लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। इसी के साथ कथा का विराम हो गया। कथा के उपरांत हवन यज्ञ हुआ और भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। कथा हमारे अज्ञानता और अहंकार को नष्ट कर सकारात्मकता व भक्ति से जोड़ती है। नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़े रखने के लिए समय समय पर धार्मिक आयोजन अति आवश्यक हैं। इस अवसर पर आयोजन समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे,आरडब्ल्यूए अध्यक्ष उर्मिला देवी शर्मा, सचिव सुखवीर सिंह, शेखर जी, कपिल गौड़, सुरेंद्र पाल, दलवीर सिंह, परमवीर सिंह, सुधीर, श्याम जी, पवन गुप्ता, राजीव गोयल, अर्चना चतुर्वेदी, ममता शर्मा, ममता अग्रवाल, संजीव पुरोहित, बीके गौतम, सुभाष तैलंग सहित तमाम भगवत्प्रेमी भक्त मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा में कंस वध की कथा का किया वर्णन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सेक्टर 46 स्थित सामुदायिक केंद्र में आरडब्ल्यूए द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन सोमवार को कथा व्यास डॉक्टर निधि तेलंग ने उद्धव चरित्र, कंस वध एवं रुक्मणि विवाह का रोचक वर्णन किया। भगवान कृष्ण और बलराम कंस के दरबार में प्रवेश करते हैं जहां मदमस्त हाथी को उनके ऊपर छोड़ दिया जाता है , भगवान उसका एक



प्रहार से वध कर देते हैं। कंस द्वारा तमाम योद्धाओं को कृष्ण और बलराम को मारने के लिए भेज जाता है। कृष्ण और बलराम सभी को मारकर अपने परमधाम को पहुंचा देते हैं। भगवान कृष्ण अभिमानी कंस के बाल पकड़ कर सिंघासन के नीचे गिरा देते हैं और उसके पापों की याद दिलाते हैं। कृष्ण अपने प्रहार से कंस का अंत कर देते हैं और अपने परमधाम को पहुंचा देते हैं। आयोजन समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने बताया कि मंगलवार को कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, शुकदेव विदाई आदि प्रसंगों के साथ कथा का विश्राम होगा। कथा दोपहर 2 बजे से शुरू होगी एवं 4 बजे से हवन पूजन के बाद भंडारा होगा।इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष उर्मिला देवी शर्मा, सचिव सुखवीर सिंह, शेखर जी, कपिल गौड़, सुरेंद्र पाल, दलवीर सिंह, परमवीर सिंह, सुधीर, श्याम जी, पवन गुप्ता, राजीव गोयल, अर्चना चतुर्वेदी, ममता शर्मा, ममता अग्रवाल, संजीव पुरोहित, बीके गौतम, सुभाष तैलंग सहित तमाम भगवत्प्रेमी भक्त मौजूद रहे।

# अपनी किडनी यानि गुर्दों को रखें सुरक्षितः जेपी हॉस्पिटल ने आयोजित किया जागरुकता सत्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** जेपी हॉस्पिटल ने आम जनता को किडनी के स्वास्थ्य के बारे में जागरुक बनाने और किडनी रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से 28 मार्च 2023 को एक जागरुकता सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान किडनी रोगों के कारणों, लक्षणों एवं इनकी रोकथाम के उपायों पर रोशनी डाली गई। लोगों को बताया गया कि वे किस तरह अपनी किडनी के स्वास्थ्य के बनाए रख सकते हैं। किडनी रोगों के जल्द निदान एवं उपचार के बारे में जागरुकता बढ़ाना इसका मुख्य उद्देश्य था, ताकि किडनी रोग आगे बढ़कर क्रोनिक या जानलेवा न बन जाए। सत्र के दौरान इन विशेषज्ञों ने की स्वास्थ्य पर चर्चा - डॉ अमित के देवरा, डायरेक्टर, को-ऑर्डिनेटर, किडनी ट्रांसप्लान्ट प्रोग्राम, डिपार्टमेन्ट ऑफ यूरोलोजी एण्ड किडनी ट्रांसप्लान्ट डॉ अनिल प्रसाद भट्ट, डायरेक्टर, डिपार्टमेन्ट ऑफ नेफ्रोलोजी एण्ड किडनी ट्रांसप्लान्ट डॉ विजय कुमार सिन्हा, डायरेक्टर, डिपार्टमेन्ट ऑफ नेफ्रोलोजी एण्ड किडनी ट्रांसप्लान्ट डॉ लोक प्रकाश चौधरी, सीनियर कन्सलटेन्ट, डिपार्टमेन्ट ऑफ यूरोलोजी एण्ड रीनल ट्रांसप्लान्ट डॉ स्वप्निल यशवंत गजवे, कन्सलटेन्ट, डिपार्टमेन्ट ऑफ नेफ्रोलोजी एण्ड किडनी ट्रांसप्लान्ट डॉ रवि कुमार सिंह, कन्सलटेन्ट, डिपार्टमेन्ट ऑफ नेफ्रोलोजी एण्ड किडनी ट्रांसप्लान्ट किडनी की सुरक्षा एवं किडनी ट्रांसप्लान्ट के बारे में बात करते हुए डॉ अमित के देवरा, डायरेक्टर, को-ऑर्डिनेटर, किडनी ट्रांसप्लान्ट प्रोग्राम, डिपार्टमेन्ट ऑफ यूरोलोजी एण्ड किडनी ट्रांसप्लान्ट ने कहा, ''भारत में किडनी रोगों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में किडनी रोगों की रोकथाम एवं प्रबन्धन के बारे में जागरुकता बढ़ाना बहुत ज़रूरी है। किडनी ट्रांसप्लान्ट कई दशकों से क्रोनिक किडनी रोगों के इलाज के लिए सुरक्षित एवं प्रभावी प्रक्रिया है, जिसमें सफलता की दर अधिक होती है और जटिलताओं की संभावना बहुत कम होती है। ट्रांसप्लान्ट से पहले मरीज़ की विस्तृत जांच की जाती है, ताकि यह तय किया जा सके कि मरीज़ में सर्जरी की जा सकती है और साथ ही कम्पेटिबल डोनर का मैच भी ढूंढा जा सके। जेपी हॉस्पिटल में यह प्रक्रिया प्रशिक्षित एवं अनुभवी सर्जनों की टीम के द्वारा आधुनिक चिकित्सा उपकरणों एवं तकनीकों की मदद से की जाती है। सर्जरी के बाद उचित देखभाल एवं दवाओं से ज़्यादातर मरीज़ ठीक हो जाते हैं, और अच्छी गुणवत्ता का जीवन जीते हुए अपनी सामान्य गतिविधियां कर सकते हैं। नेशनल किडनी फाउन्डेशन के मुताबिक दुनिया भर में 850 मिलियन से अधिक लोग किडनी रोगों से पीड़ित हैं। भारत में एक अनुमान के अनुसार, तकरीबन 17 फीसदी आबादी क्रोनिक किडनी रोगों का शिकार है। किडनी रोगों के मुख्य कारण हैं हाई ब्लड प्रेशर यानि उच्च रक्तचाप, डायबिटीज़ और मोटापा। ट्रांसप्लान्ट के बाद की सावधानियों के बारे में बात करते हुए डॉ अनिल प्रसाद भट्ट, डायरेक्टर, डिपार्टमेन्ट ऑफ नेफ्रोलोजी एण्ड किडनी ट्रांसप्लान्ट ने कहा, ''अंग प्रत्यारोपण के बाद कुछ ज़रूरी ऐहतियात बरतने होते हैं, ताकि मरीज़ को इन्फेक्शन से बचाया जा सके और शरीर नए अंग को रिजेक्ट न करे। मरीज़ को डॉक्टर की सलाह के अनुसार, दवाएं, आहार और व्यायाम आदि का ध्यान रखना चाहिए। ट्रांसप्लान्ट कराने वाले मरीज़ को बीमार व्यक्ति के संपर्क में नहीं आना चाहिए, अपने हाथ नियमित रूप से धोने चाहिए और भीड़भाड़ से बचना चाहिए। इसके अलावा पशुओं के मल, कच्चे मांस और गैर-पास्चुरीकृत डेयरी प्रोडक्ट्स के संपर्क में भी न आएं। उन्हें सर्जरी के लिए लगाए गए चीरे का ख्याल रखना चाहिए, देखना चाहिए कि कहीं इन्फेक्शन के कोई संकेत तो नहीं दिख रहे जैसे लालगी, सूजन या पस आना। कोई भी समस्या होने पर तुरत अपनी नेफ्रोलोजी टीम से संपर्क करना चाहिए। इन सब सावधानियों को बरत कर ट्रांसप्लान्ट को सफल बनाया जा सकता और मरीज़ लम्बे समय तक गुणवत्तापूर्ण एवं स्वस्थ जीवन जी सकता है।''किडनी ट्रांसप्लान्ट प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए जेपी हॉस्पिटल नोएडा किडनी डोनर की सुरक्षा पर भी पूरा ध्यान देता है। हमारे पास अब 800 से अधिक किडनी डोनर्स हैं जो स्वस्थ और सेहतमंद हैं। ये डोनर आर्थिक और सामाजिक रूप से उत्पादक जीवन जी रहे हैं, इनमें से किसी भी डोनर को अब तक किसी भी अन्य बीमारी या जटिलता के लिए न तो अस्पताल में भर्ती किया गया है, न ही किसी इलाज की ज़रूरत पड़ी है। डोनर्स की सुरक्षा को सुनिश्चित करना किसी भी मेडिकल रीसर्च का अभिन्न हिस्सा है। डोनेशन की पूरी प्रक्रिया में जांच से लेकर मॉनिटरिंग एवं फॉलो-अप केयर तक पूरी सावधानी बरती जाती है। जांच एवं स्क्रीनिंग के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल्स अपनाए जाते हैं, डोनर के स्वास्थ्य की नियमित जांच की जाती है। डॉक्टर, डोनर के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा सूचित सहमति प्रक्रिया को भी सावधानीपूर्वक पूरा किया जाता है, ताकि डोनर अंगदान के बारे में हर ज़रूरी पहलू, इसके फायदों, जोखिमों को समझ सके और सोच-समझ कर अंगदान का फैसला ले।'' डॉ विजय कुमार सिन्हा, डायरेक्टर, डिपार्टमेन्ट ऑफ नेफ्रोलोजी एण्ड किडनी ट्रांसप्लान्ट ने डोनर की सुरक्षा पर बात करते हुए कहा। समय पर जांच एवं उपचार के द्वारा किडनी रोगों को क्रोनिक या जानलेवा बनने से रोका जा सकता है। नियमित रूप सं किडनी फंक्शन टेस्ट एवं जांच के द्वारा किसी भी किडनी समस्या का निदान समय पर जल्द उपचार शुरू किया जा सकता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से जेपी हॉस्पिटल किडनी रोगों के बारे में जागरुकता बढ़ाने और किडनी रोगों की रोकथाम के लिए प्रयासरत है। जेपी हॉस्पिटल किडनी के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि किडनी रोगों के मरीज़ उच्च गुणवत्ता का जीवन जी सकें। अस्पताल में किडनी रोगों के निदान और उपचार के लिए सभी आधुनिक सुविधाएं हैं जैसे डायलिसिस, किडनी ट्रांसप्लान्ट। जेपी हॉस्पिटल समाज को सर्वोच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने और लोगों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।




# सदय तानाशाही की ओर बढ़ता मध्य प्रदेशृ सिद्धार्थ कुशवाहा

## विद्युत विभाग की अराजकता के खिलाफ सत्याग्रह आंदोलन संपन्न एक सप्ताह के अंदर समाधान नहीं हुआ तो भरेंगे जेलृनिराला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतना।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के तत्वाधान में पीसीसी पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष विधायक सतना सिद्धार्थ कुशवाहा के नेतृत्व एवं जिला कांग्रेस कमेटी के संयोजकत्व में बिजली की जिला व्यापी समस्या को लेकर विशाल सत्याग्रह आंदोलन संपन्न हुआ। सत्याग्रह





आंदोलन को संबोधित करते हुए विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी के उस ध्येय वाक्य को कोड करते हुए कहा कि, डरो मत, निडरता से मध्य प्रदेश शासन की तानाशाही से मुकाबला करो, विधायक ने आगे कहा कि मध्यप्रदेश सरकार सदय तानाशाही की ओर बढ़ चुकी है, समस्या बिजली के अधिकारियों कि नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश शासन के गलत नीतियों की है आज आप सभी सत्याग्रह आंदोलन में संकल्प लीजिए कि आगे आने वाले समय में इस जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकेगे। सत्याग्रहियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग बीएल यादव निराला ने कहा कि, निजीकरण, बेरोजगारी, और महंगाई ने, आम जनजीवन को तबाह कर दिया है ऊपर से बिजली विभाग के कर्मचारियों की अराजक नीति के चलते किसान, मजदूर ,छोटे व्यापारी ,सब का जीना मुश्किल हो गया है, निजीकरण की नीति को अपनाकर पहले मध्य प्रदेश विद्युत मंडल को निजी हाथों में सौंपा, और अब प्रायः साम्राज्यवादी निजीकरण के तहत, 500 करोड़ में अदानी के हाथों बेचा जा रहा है, सावधान हो जाओ रे मेरे भाई ।श्री निराला ने चेतावनी देते हुए कहा है कि एक सप्ताह के अंदर अगर दैनिक विद्युत सुविधाओं में सुधार नहीं हुआ तो जेल भरो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा ।

# पृथ्वीराज कपूर से लेकर शाह रुख खान तक, इन दिग्गज अभिनेताओं का थिएटर से रहा गहरा नाता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** हर साल की 27 मार्च को दुनियाभर में 'वर्ल्ड थिएटर डे' के रूप में मनाया जाता है। सिनेमा की शुरुआत रंगमंच से मानी जाती है। भारत में साल 1913 में पहली फिल्म राजा हरिश्चंद्र के आने से पहले, कलाकार और दर्शकों को जोड़ने वाला एक ही माध्यम था 'थिएटर' वो शेक्सपियर थे जिन्होंने कहा- ये दुनिया एक रंगमंच है... और हमारे कलाकारों ने इस कथन को जिया। भारतीय सिनेमा की नींव ही रंगमंच के मंझे हुए कलाकार ने रखी थी। जिसके बाद पृथ्वीराज कपूर, गिरीश कर्नाड और उत्पल दत्त सरीखे अभिनेता ने इसे पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाया। इन दिग्गज अभिनेता के नाम को शामिल किए बिना भारतीय सिनेमा और भारतीय रंगमंच दोनों का इतिहास पूरा नहीं होगा। पृथ्वीराज कपूर इंडियन पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन (इप्टा) के संस्थापक सदस्यों में से एक थे और पृथ्वी थिएटर के संस्थापक भी थे, जो मुंबई की थिएटर गतिविधियों का केंद्र रहा है। थिएटर इनकी रियल लाइफ में इतना ज्यादा हावी रहा कि ये फिल्मों में भी काफी बुलंद आवाज में डायलॉग्स बोलते थे। पृथ्वीराज कपूर के नाटकों में से एक, पठान, जिसका पहली बार 1947 में मंचन किया गया था। उस समय भी वो हिंदू मुस्लिम एकता के बारे में बात करता थे, जब विभाजन के दंगे देश को तबाह कर रहे थे। कहा जाता है कि इस नाटक के सिनेमाघरों में 600 शो चल रहे हैं। 1945 में आई दीवार उनके प्रसिद्ध नाटकों में से एक थी।मूल रूप से रावलपिंडी (अब पाकिस्तान में) के रहने वाले बलराज साहनी की पहली पत्नी दमयंती एक प्रसिद्ध रंगमंच अभिनेत्री थीं। उन्होंने इंडियन पीपल्स थिएटर एसोसिएशन के साथ एक अभिनेता के रूप में अपना करियर शुरू किया और जुबेदा और द इंस्पेक्टर जनरल जैसे नाटकों से नाम कमाया। थिएटर का अनुभव उन्हें फिल्मों में भी काम आया। इनके पॉपुलर नाटकों में से जुबेदा और







जादू की कुर्सी अहम थे। ओम पुरी ने 60 के दशक में पंजाब में एक थिएटर अभिनेता के रूप में जीवन शुरू किया। वह हरपाल तिवाना की अध्यक्षता वाले पंजाब कला मंच का हिस्सा थे। वह अगस्त स्ट्रिंडबर्ग द्वारा द फादर, सोफॉकल्स द्वारा ओडिपस रेक्स, अल्बर्ट कैमस द्वारा द मिसअंडरस्टैंडिंग जैसे कई नाटकों का हिस्सा थे। वह 1970 में नई दिल्ली में स्थित नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में शामिल हुए। 1977 में उन्होंने मुंबई में मजमा नामक के थिएटर ग्रुप का गठन किया। ये ग्रुप 1986 तक सक्रिय था। 1978 में जब पृथ्वी थिएटर का उद्घाटन हुआ, तो गोविंद देशपांडे की उध्वस्त धर्मशाला के उनके प्रोडक्शन ने शाम को वहां प्रदर्शन किया। एक अभिनेता के रूप में उनका सबसे प्रसिद्ध नाटक घासीराम कोतवाल था, जिसमें उन्होंने लीड रोल प्ले किया था।नसीरुद्दीन शाह मोटले थिएटर ग्रुप के संस्थापक और क्रिएटिव डायरेक्टर हैं। पिछले 40 सालों से वो रंगमंच से जुड़े हुए हैं। उनके नाटक जैसे वेटिंग फॉर गोडोट, द लेसन, जूलियस सीजर, डियर लायर, कथा कोलाज, ए वॉक इन द वुड्स, कंबख्त बिल्कुल औरत काफी लोकप्रिय रहे। इन्होंने रंगमंच में अभिनय के साथ-साथ निर्देशक और निर्माता के रूप में भी काम किया है। गोल माल, छोटी सी बात और रजनीगंधा जैसी फिल्मों में एक विनम्र आम आदमी के रूप में हिंदी फिल्म दर्शकों का दिल जीतने वाले अमोल पालेकर ने 60 के दशक के अंत में सत्यदेव दुबे के साथ प्रायोगिक थिएटर करना शुरू किया। बाद में उन्होंने अपना खुद का थिएटर ग्रुप अनिकेत बनाया। चुप जैसे नाटकों के प्रति उनका अति सूक्ष्म दृष्टिकोण! कोर्ट चालू है, आधे अधूरे ने उन्हें बहुत प्रसिद्धि दिलाई। अफसोस की बात है कि फिल्मों में लोकप्रिय होने के बाद उन्होंने थिएटर की दुनिया को अलविदा कह दिया था। हालांकि कुछ साल पहले फिर से वापसी की है। के अध्यक्ष रह चुके अनुपम खेर को इस अकादमी ने पहले तो एडमिशन देने से ही इनकार कर दिया था। लेकिन अपने दूसरे प्रयास में अच्छे मार्क्स के साथ पास हुए और बाद में गोल्ड मेडल के साथ ग्रेजुएट हुए। अपनी पहली ही फिल्म सारांश (1984) में एक बुजुर्ग पिता के रोल में उन्हें तालियां मिली और इन्होंने पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा। फिल्मों के साथ-साथ उन्होंने अपने अभिनय को थिएटर में और पैना किया। इरफान खान फिल्मों के दिग्गज कलाकार थे, इन्होंने भी एउ से अभिनय का प्रशिक्षण लिया था। इनकी प्रतिभा को देखकर ही इन्हें वहां स्कॉलरशिप भी दी गई। मुंबई जाने के बाद इरफान फिल्मों के साथ-साथ अपने नाटक मंडली से भी जुड़े रहे। वक्त मिलते ही वो मंच पर भी नजर आते। 5 बार की राष्ट्रीय और फिल्मफेयर पुरस्कारों की विजेता, शबाना आजमी सर्वश्रेष्ठ भारतीय थिएटर अभिनेताओं में से एक हैं। फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के अलावा, उन्होंने तुम्हारी अमृता, सफेद कुंडली जैसे नाटकों में भी अभिनय किया। भारत में सबसे दिग्गज अभिनेताओं में से एक, पंकज कपूर ने कमर्शियल और पैरलर सिनेमा, दोनों में भी काम किया है। ये भी एनएसडी से पासआउट हैं और कई नाटकों में भी अपने अभिनय का जौहर दिखा चुके हैं। मनोज बाजपेयी भीखू म्हात्रे और सरदार खान जैसे यादगार चरित्रों को चित्रित करने से पहले, मनोज बाजपेयी ने एउ में दाखिला लेना की तीन बार कोशिश की थी लेकिन तीनों बार उन्हें निराश होना पड़ा। उन्होंने अपनी प्रतिभा को निखारने में लगे रहे और बैरी जॉन की वर्कशॉप में भाग लेना पड़ा। थिएटर, इनके अंदर इस कदर समाहित है कि फिल्मों में भी इसकी झलक देखने को मिल जाती है।बॉलीवुड के बादशाह ने भी सिल्वर स्क्रीन पर अपनी शुरुआत करने से पहले थिएटर में अपना करियर बनाया था। वह एनएसडी के छात्र थे और दिल्ली के थिएटर एक्शन ग्रुप से जुड़े रहे।राजकुमार राव ट्रैप्ड और न्यूटन में शानदार अभिनय का मुजाया करने वाले राजकुमार राव इस ऐरा के सबसे टैलेंटेड एक्टर्स में से एक हैं।

## अमृता राव के मैनेजर ने जब उनके साथ किया छल, सलमान खान की इस ब्लॉकबस्टर फिल्म से मिले ऑफर की नहीं लगने दी भनक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** विवाह जैसी फैमिली ड्रामा फिल्म से तहलका मचाने वाली एक्ट्रेस अमृता राव ने एक चौंका देने वाला खुलासा किया है। उन्होंने अपने मैनेजर पर सलमान खान की एक बड़ी फिल्म का ऑफर छिपाए जाने का इल्जाम लगाया है। अमृता





अरोड़ा और उनके पति आरजे अनमोल की किताब 'कपल ऑफ थिंग्स' बीते महीने रिलीज हुई है। जिसे बॉलीवुड कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने लॉन्च किया।किताब में अमृता राव ने अपने जिंदगी के इस बुरे किस्से के बारे में बताया। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि साल 2000 में आई सलमान खान की फिल्म वांटेड के लिए उन्हें अप्रोच किया गया था, लेकिन उनके मैनेजर ने उन्हें इसकी भनक तक नहीं लगने दी और ये कहकर ऑफर ठुकरा दिया कि अमृता के पास डेंट्स खाली नहीं है। अमृता ने कहा, ठकुछ महीनों बाद में हैदराबाद में महेश बाबू के साथ एक तेलुगु फिल्म की शूटिंग कर रही थी। एक दिन शूटिंग के बाद मैं अपने होटल की लॉबी में बैठी हुई थी, तभी बोनी कपूर के साथ काम करने वाला प्रोडक्शन का एक आदमी मुझसे टकरा गया। उसने कहा- 'ओह, हाय अमृता! तुम कैसी हो अगर तुम्हारी डेट की दिक्कत नहीं होती तो तुम आज हमारे लिए सलमान खान की फिल्म वांटेड की शूटिंग कर रही होती।'एक्ट्रेस ने आगे लिखा, ठमैं हैरानी से उसकी तरफ देखती रह गई और असमंजस के साथ पूछा- मुझे कब वांटेड के लिए अप्रोच किया गया? जवाब में उसने कहा, 'अरे ऑफर हुई थी तुम्हें, मैंने तुम्हारे मैनेजर को फोन किया था और उसने कहा कि तुम्हारे लिए समय निकाल पाना बहुत मुश्किल है।'किताब में अमृता ने आगे कहा, मेरे दिल टुकड़े-टुकड़े हो गया, मैं पूरी तरह टूट गई थी। मुझे कभी भी मेरे मैनेजर इस ऑफर के बारे में नहीं बताया, अगर मुझे पता होता तो मैं कैसे भी करके डेट्स निकाल लेती। सदमे से छटपटाते हुए मैंने कहा, उसने मुझसे अलग होने को सकारात्मक तरीके से लेने की बजाय मुझसे बदला लेने का फैसला किया।

## आरआरआर' समेत राम चरण की इन फिल्मों ने थिएटर्स में ढहाया कहर अब ओटीटी पर काट रहीं बवाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार राम चरण की फिल्म आरआरआर दुनियाभर में चर्चा बटोर रही है। पैन इंडिया स्टार बन चुके राम चरण दिग्गज एक्टर चिरंजीवी के बेटे हैं,





लेकिन आगे बढ़ने के लिए उन्होंने कभी भी अपने पिता के नाम का इस्तेमाल नहीं किया। एक्टर ने साउथ में कई सुपरहिट फिल्में दी हैं, जिनके हिंदी डब को भी खूब सराहना मिली। इन फिल्मों ने राम चरण को तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री का सुपरस्टार बना दिया। राम चरण 27 मार्च को अपना 38वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर आइए जानते हैं एक्टर की ऐसी ही कुछ फिल्मों के बारे में, जो उनके करियर की शानदार फिल्मों की लिस्ट में शामिल है और अब ओटीटी पर भी उपलब्ध है। राम चरण ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत फिल्म चिरुथा के साथ की थी। इस फिल्म में फीमेल लीड में नेहा शर्मा थीं। फिल्म को पुरी जगन्नाथ ने डायरेक्ट किया था। साल 2021 तक, चिरुथा के पास किसी डेब्यू एक्टर की हाईएस्ट ग्रॉसिंग तेलुगु फिल्म होने का भी रिकॉर्ड था। मगधीरा दिग्गज डायरेक्टर एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी फिल्म है। साल 2009 में आई मगधीरा सबसे महंगी तेलुगु फिल्मों की लिस्ट में शामिल है। फिल्म ने कई सारे अवॉर्ड्स भी अपने नाम किए। इनमें बेस्ट कोरियोग्राफी और बेस्ट स्पेशल इफेक्ट के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी शामिल है। इसके अलावा मगधीरा ने 6 फिल्म फेयर अवॉर्ड और 9 नंदी अवॉर्ड भी अपने नाम किए। मगधीरा ने सिनेमाघरों में 1000 दिनों तक टिके रहने का रिकॉर्ड भी बनाया। मगधीरा से पहले ये रिकॉर्ड साउथ फिल्म चंद्रमुखी के नाम था, जिसमें रजनीकांत ने लीड रोल निभाया था। पीरियड एक्शन ड्रामा रंगस्थलम में राम चरण ने एक ऐसे इंसान का किरदार निभाया था, जिसे सुनाई नहीं देता, लेकिन वो इसे अपनी कमजोरी नहीं बनने देता। फिल्म में राम चरण के साथ सामंथा रुथ प्रभु फीमेल लीड में थीं। रंगस्थलम हाईएस्ट ग्रॉसिंग तेलुगु फिल्मों की लिस्ट में शामिल है। साल 2018 में आई इस फिल्म ने बेस्ट ऑडियोग्राफी के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीता था। राम चरण, काजल अग्रवाल और अमाला पॉल स्टारर नायक एक एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। 2013 में आई नायक साल की सुपरहिट फिल्मों की लिस्ट में शुमार थी। इस फिल्म को प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। राम चरण की ध्रुव तमिल फिल्म थानी ओरुवन की रीमेक है। फिल्म में एक्टर ने घ्झ्ए अधिकारी ध्रुव का किरदार निभाया था, जो वैज्ञानिक सिद्धार्थ अभिमन्यु को गिरफ्तार करना चाहता है, क्योंकि वो पैसों के लिए अवैध काम कर रहा है। ध्रुव में राम चरण के अपोजिट रकुल प्रीत सिंह हैं। फिल्म को जी5 पर देखा जा सकता है। राम चरण और काजल अग्रवाल स्टारर गोविन्दुडु एंडरिवडेले एक फैमिली एंटरटेनर फिल्म है। साल 2014 में आई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्मेंस दी थी। गोविन्दुडु एंडरिवडेले प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

## मलयालम एक्टर इनोसेंट का 75 साल की उम्र में निधन, स्टार्स ने बताया एक शानदार युग का अंत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** मलयालम एक्टर और पूर्व सांसद इनोसेंट का कोच्चि के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में निधन हो गया। उन्होंने रविवार को कोच्चि के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। 75 साल के इनोसेंट 3 मार्च से हॉस्पिटल में भर्ती थे। हॉस्पिटल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वो कोविड से संक्रमित थे साथ ही मल्टीपल ऑर्गन फेल होने के चलते उन्हें सांस लेने में समस्या हो रही थी। इनोसेंट के निधन की खबर सोशल मीडिया पर आते ही लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। उनके फैंस और



मलयालम फिल्म इंडस्ट्री को उनके निधन की खबर से गहरा दुख हुआ है। वहीं पृथ्वीराज सुकुमारन, मंजू वारियर, टोविनो थॉमस, जयराम जैसे कलाकारों ने उनके निधन की खबर मिलने पर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।जाने माने मलयालम एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन ने अपने ट्विटर हैंडल पर इनोसेंट के निधन पर लिखा, 'सिनेमा इतिहास के एक प्रतिष्ठित अध्याय का अंत! रेस्ट इन पीस लीजेंड मंजू वॉरियर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इनोसेंट को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा, ''धन्यवाद, मासूम चेट्टा (भाई) दी गई हंसी के लिए... पर्दे पर ही नहीं जिंदगी में भीवरिष्ठ अभिनेता जयराम ने लिखा, 'इनोसेंट का निधन भारतीय सिनेमा के लिए एक और बड़ी क्षति है। ठइस समय मेरे पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं क्योंकि तीन दशकों से अधिक समय तक चलने वाला भाईचारा समाप्त हो गया है और मैं खुद को सबसे भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने उन्हें जाना और इतने वर्षों में उनके साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया। मेरी गहरी संवेदनाएं परिवार को। इनोसेंट एटा। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने एक फेसबुक पोस्ट में अभिनेता की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि इनोसेंट ने अपनी सहज अभिनय शैली से अपने दर्शकों के मन में एक अमिट जगह छोड़ी है। सीएम पिनाराई ने उन्हें एक सार्वजनिक कार्यकर्ता के रूप में भी याद किया, उन्होंने अपने आसपास के लोगों के जीवन को छुआ। केरल कृतज्ञता के साथ याद रखेगा कि हमेशा वामपंथी मानसिकता रखने वाले इनोसेंट वाम लोकतांत्रिक मोर्चे के अनुरोध पर लोकसभा के उम्मीदवार बने और जीतने के बाद संसद में केरल की मांगों को प्रमुखता से उठाया।केरल के सीएम ने आगे लिखा कि मासूम की मौत कला और संस्कृति के साथ-साथ सामान्य राजनीतिक परिदृश्य के लिए एक बड़ी क्षति है। ये मलयाली लोगों की भी क्षति है।

## विजय ने शेयर की मेटल साड़ी- ब्लू हेयर में तस्वीरें, उर्फी जावेद ने दिया रिएक्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** डार्लिंग्स फेम विजय वर्मा कभी भी अपने फैंस को एंटरटेन करने का मौका नहीं छोड़ते, खास तौर से जब बात किसी प्रोजेक्ट की हो तो। हाल ही में एक्टर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट से सबको हैरान कर दिया। फोटोशूट में विजय एक्सपेरिमेंटल लुक में नजर आ रहे हैं। ब्लैक कलर की टक्सीडो शर्ट और रेड और ब्लैक कलर की मेटल की साड़ी पहने, एक्टर बिल्कुल स्टाइलिश लग रहा था। इस लुक के साथ उन्होंने अपने ब्लू हेयर को फ्लॉन्ट कर सबको चौंका दिया। ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया ने शेयर की हैं। उसने पोस्ट में विजय को वर्सटाइल कहा है और कहा कि इन्हें किसी परिभाषा तक सीमित नहीं रह सकता'। अनाइता श्रॉफ ने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा- पेश है 'आर्ट इन मोशन', एक ऐसी कहानी जो ऋतुओं, जेंडर



या बदल जाने वाले फैशन ट्रेंड्स की सीमाओं को पार करती है। विजय बहुत बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं अपनी इस मेटल साड़ी वाले लुक में ऑसम हैं। सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर होते ही हर तरफ से लाइक्स और कमेंट्स की झड़ी लग गई। उर्फी जावेद ने विजय की तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा, 'अमेजिंग! तुम जादू हो।' जहां उनके एक प्रशंसक ने लिखा, 'लव द कलर प्ले और हेयर भी', एक अन्य सोशल मीडिया यूजर ने कहा, 'शानदार ... स्टैंड आउट (ग्म)'। एक अन्य फैन ने अभिनेता को 'अविश्वसनीय रूप से सुंदर' कहा। अन्य लोगों ने तस्वीरों पर दिल और आग वाले इमोजी ड्रॉप किए।वर्क फ्रंट पर बात करें तो, विजय अगली बार करीना कपूर खान और जयदीप अहलावत के साथ सुजॉय घोष की 'द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स' में दिखाई देंगे। वेब सीरीज कथित तौर पर एक जापानी उपन्यास पर आधारित है। पर्सनल फ्रंट पर बात करें तो आजकल विजय और तमन्ना भाटिया के इश्क के चर्च है।

## स्मृति ईरानी को ऑटो की सवारी करते देख मेकअप आर्टिस्ट को आती थी शर्म, टीवी सीरियल में मिलते थे सिर्फ इतने रुपए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** स्मृति ईरानी आज के समय में पॉलिटिक्स का जाना-माना नाम हैं। केंद्रीय मंत्री के रूप में वो देश के लोगों की सेवा कर रही हैं, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब वो टीवी की एक पॉपुलर एक्ट्रेस हुआ करती थीं। उन्होंने 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' सीरियल में तुलसी का रोल प्ले करके घर-घर में अपनी पहचान बनाई। अब हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि टीवी में शुरुआती दिनों में काम करते समय उन्हें रोज 1800 रुपए मिलते थे। वो ऑटो से आती थीं तो उनके मेकअप मैन को भी उनपर शर्म आती थी। स्मृति ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि प्रोड्यूसर शोभा क्रू मेंबर्स को सेट पर खाने की परमिशन नहीं देती थीं। उनका मानना था कि वो सेट पर मौजूद फर्नीचर खराब कर देंगे। ई-टाइम्स को दिए इंटरव्यू में स्मृति ईरानी ने बताया, 'आप एक





स्टार की तरह नहीं दिखते। बल्कि उस तरह की लाइफस्टाइल की वजह से एक टेक्नीशियन की तरह लगते थे। वो आगे बताती हैं, 'मुझे प्रतिदिन 1800 रुपये मिलते थे। जब जुबिन और मेरी शादी हुई तो हमारे पास मुश्किल से 30,000 रुपए थे। मुझे याद है कि मेरा मेकअप मैन शर्मिंदा हो गया था। उसने कहा था- गाड़ी तो लेलो.. मुझे शर्म आती है क्योंकि मैं गाड़ी पर आता हूं और तुलसी भाभी ऑटो में आ रही हैं।'' स्मृति ने आगे बात करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने शोभा कपूर को इस क्रू मेंबर्स को सेट पर खाने की परमिशन के लिए मनाया। उन्होंने कहा, ठये बात मुझे परेशान करती थी कि सेट पर केवल एक्टर्स को ही खाने की परमिशन क्यों थी। सभी टेक्नीशियन और क्रू मेंबर्स को क्यों नहीं? एक दिन मैंने देखा कि साउंड वाला 12-15 घंटे काम करने के बावजूद छुट्टी नहीं ले रहा है। तो मैंने उसको चाय ऑफर की तब उन्होंने कहा, नहीं, मैं नहीं पी सकता क्योंकि आप एक एक्टर हैं। फिर मैंने स्पॉट बॉय के साथ एक सेटिंग की। मैंने उससे 60 चाय तैयार रखने के लिए कहा। फिर मैं सभी टेक्नीशियन के साथ बाहर गई, जिससे कि वो उसे पी सकें। इतना ही नहीं, मैं उनकी ही तरह ट्रैवल भी करती थी जिससे मुझे पता चल सके कि वो किस दौर से गुजर रहे हैं। स्मृति ईरानी ने बताया कि उन्हें बाहर चाय पीते हुए एक दिन शोभा कपूर ने देख लिया था। इसके बाद मैंने उनको नीचे चाय पर लेजाकर मना लिया कि वो टेक्नीशियन्स को भी सेट पर चाय पीने की अनुमति दे दें और वो मान गईं।ठ स्मृति ने शो से निकाले जाने की बात याद करते हुए बताया, ठअपनी प्रेग्नेंसी के आखिरी दिन तक मैं गौतम अधिकारी का एक शो शूट कर रही थी। मुझे उस शो को होस्ट करना था और हम आगे के लिए इकट्ठा शूट कर रहे थे।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा
रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए
बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज
(उ.प्र.) 211002 से मुद्रित
एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी
औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
(उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।